राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारित

सुरत-गुजरात, संस्करण मंगलवार,08सितम्बर 2020 वर्ष-3, अंक -223 पृष्ठ-08

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

राष्ट्रीय शिक्षा नीति

## नई एजुकेशन पॉलिसी में पढ़ने की बजाय सीखने पर फोकस है, हमने पैशन, प्रैक्टिकल और परफॉर्मेंस पर जोर दिया मोदी

**नेशनल डेस्क।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हो रही कॉन्फ्रेंस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। मोदी ने कहा नई एजुकेशन पॉलिसी में पढ़ने की बजाय सीखने पर फोकस है। हमने पैशन, प्रैक्टिकल और परफॉर्मेंस पर जोर दिया है। देश की उम्मीदों को पूरा करने का अहम माध्यम शिक्षा नीति और शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी से केंद्र, राज्य सरकार और स्थानीय निकाय जुड़े होते हैं। लेकिन, यह भी सही है कि शिक्षा नीति में सरकार का दखल कम से कम होना चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों के शिक्षा मंत्री, विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर और सीनियर अफसर शामिल हैं। इसका टॉपिक उच्च शिक्षा में नई शिक्षा नीति की भूमिका रखा गया है। नई पॉलिसी घोषित होने के बाद देशभर में कई वेबिनार, वर्चुअल कॉन्फ्रेंस और कॉन्क्लेव आयोजित किए जा रहे हैं।

**नई नीति में नॉलेज पर फोकस**

सरकार ने जुलाई में नई शिक्षा नीति की घोषणा की थी। 34 साल बाद एजुकेशन पॉलिसी को बदला गया है। नई नीति में स्कूल एजुकेशन और हायर एजुकेशन को लेकर बड़े बदलाव किए गए हैं। सभी स्कूलों में कक्षा पांचवीं तक के बच्चों को अब मातृ भाषा या क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाया जाएगा। नई नीति में नॉलेज पर फोकस करते हुए देश को ग्लोबल सुपरपावर बनाने पर जोर दिया गया है। नई नीति में नॉलेज पर फोकस करते हुए देश को ग्लोबल सुपरपावर बनाने पर जोर दिया गया है।



## समस्याओं को हल करने की बजाय अपनी झूठी पीठ थपथपाने में लगी है योगी सरकार: प्रियंका



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना मरीजों को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने कहा यूपी सीएम का कोरोना पर बयान हास्यास्पद है। यूपी में कोरोना के मामले भयावह रूप ले चुके हैं। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा, 'यूपी सीएम का कोरोना पर बयान हास्यास्पद है। यूपी में कोरोना के मामले भयावह रूप ले चुके हैं। लखनऊ के अस्पतालों के सारे बेड व आईसीयू फुल हैं। अव्यवस्थाओं से लोगों की जानें जा रही हैं। सरकार इन समस्याओं को हल करने की बजाय अपनी झूठी पीठ थपथपाने में लगी है।'' बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारोबार सुगमता (ईज ऑफ डूइंग) रैंकिंग में देश में दूसरा स्थान हासिल करने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी थी। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की अनन्त सम्भावनाएं है। ईज ऑफ डूइंग की रैंकिंग में राज्य को दूसरा स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष उत्तर प्रदेश 12वें स्थान पर था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के लिये उत्तर प्रदेश प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 6777 नये मामले सामने आये हैं जो एक रिकार्ड है। वहीं लखनऊ की बात करें तो राजधानी में 5 सितंबर को पहली बार एक साथ 1000 मरीज मिले। इसी के साथ लखनऊ उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां एक दिन में 1000 से ज्यादा मामले आए हों। इतना ही नहीं राजधानी में 18 और मरीजों की मौत से जिले में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 420 पार कर गई है। अब प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 61625 हो गई है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने रविवार को बताया कि विगत 24 घंटों में कोरोना के 6777 नए मामले सामने आए हैं जिन्हें मिलाकर एक्टिव मामलों की कुल संख्या 61,625 पहुंच गई है। अब तक मिले कुल मामलों में 2 लाख 738 मरीज ठीक होकर घरों को लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को प्रदेश में एक लाख 55 हजार 946 सैंपल्स टेस्ट किये गये जो एक रिकार्ड है। राज्य में अब तक कुल 65,00,969 सैंपल्स की जांच की जा चुकी है।प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में 32,094 लोग होम आइसोलेशन में हैं। अब तक 1,23,802 लोगों ने होम आइसोलेशन का विकल्प लिया है, जिसमें से 91,708 का होम आइसोलेशन की अवधि समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कंटेनमेंट जोन की संख्या अब 18,380 हो गई है जिनमें लगभग 15,46,000 मकान चिन्हित हैं, लगभग 89 लाख लोग इन कंटेनमेंट जोन में रह रहे हैं। प्रदेश में कंटेनमेंट जोन की संख्या अब 18,380 हो गई है जिनमें लगभग 15,46,000 मकान चिन्हित हैं, लगभग 89 लाख लोग इन कंटेनमेंट जोन में रह रहे हैं। कंटेनमेंट जोन में पॉजिटिव मामलों की संख्या 45,275 है।

## सरकारी संस्थाओं के निजीकरण को लेकर राहुल गांधी का मोदी सरकार पर निशाना- रोजगार और जमा पूंजी नष्ट



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार पर हमलावर बने हुए हैं। राहुल ने अब सरकारी संस्थाओं के निजीकरण को लेकर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सरकारी कंपनियों का निजीकरण करके रोजगार और जमा पूंजी को नष्ट कर रही है। राहुल गांधी ने ट्वीट में लिखा, देश मोदी सरकार-निर्मित कई आपदाएं झेल रहा है जिनमें से एक है अनावश्यक निजीकरण। युवा नौकरी चाहते हैं पर मोदी सरकार का निजीकरण करके रोज़गार व जमा पूंजी नष्ट कर रही है। फ़ायदा किसका? बस चंद 'मित्रों का विकास जो हैं मोदी जी के खास। देश मोदी सरकार-निर्मित कई आपदाएं झेल रहा है जिनमें से एक है अनावश्यक निजीकरण। युवा नौकरी चाहते हैं पर मोदी सरकार क्स्ह्य का निजीकरण करके रोजगार व जमा पूंजी नष्ट कर रही है। बता दें कि पिछले कुछ सालों में केंद्र सरकार ने कई सरकारी संस्थाओं के निजीकरण को प्रोत्साहन दिया है। रेलवे में निजीकरण के तहत स्टेशन बनाए जाने और प्राइवेट ट्रेनें चलाए जाने की तैयारियों के बीच देश की इकलौती सरकारी एयरलाइन एयर इंडिया के निजीकरण को लेकर भी तैयारियां हैं। घाटे में चल रही एयरलाइन पर नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कुछ वक्त पहले कहा था कि निजीकरण ही बेहतर विकल्प है और सरकार अगले कुछ महीनों में यह काम कर लेना चाहती है।

## मोदी सरकार ने कोरोना संकट से सामने से मुकाबला किया जिसकी पूरी दुनिया ने तारीफ की: नड्डा

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कहा कि केन्द्र सरकार ने कोरोना संकट से सामने से मुकाबला कर देश के 130 करोड़ लोगों की रक्षा की जिसकी पूरी दुनिया ने सराहना की है। नड्डा ने आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नयी दिल्ली से झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने कोरोना संकट से सामने से मुकाबला किया और च्जान है तो जहान है, का नारा बुलंद कर देश के 130 करोड़ लोगों रक्षा की। उन्होंने कहा, कोरोना संक्रमण के इस विनाशकारी समय में, जब अमेरिका, ब्रिटेन समेत तमाम बड़े और शक्तिशाली देश अनेक तरह के संशय में थे, उस समय भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कहा, च्जान है तो जहान है, और इसी सिद्धान्त के आधार पर पूरे देश में लॉकडाउन कर 130 करोड़ भारतवासियों की रक्षा की। नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री ने 130 करोड़ के भारत देश को बचाने का काम किया। इतना ही नहीं कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए जिस प्रकार युद्धस्तर पर तैयारी की गयी उसका परिणाम है कि जहां कोरोना संक्रमण के प्रारंभ में मार्च में देश में एक दिन में सिर्फ 15 लोगों के जांच की व्यवस्था थी वहीं आज देश में एक दिन में 11 लाख तक जांच किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा, यह मोदी जी के नेतृत्व में बदलता देश है। हम सिर्फ सत्ता के लिए या कुर्सी के लिए नहीं आये हैं। हम सत्ता में भारत की तस्वीर और तकदीर बदलने आये हैं। उन्होंने कहा कि जहां कोरोना के प्रारंभिक काल में मार्च में देश में वेंटिलेटर बनते नहीं थे वहीं अब देश ने तीन लाख वेंटिलेटर बना दिये हैं। भारत में साढ़े चार लाख पीपीई किट्स प्रतिदिन बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने पूरी दुनिया के कम से कम तीस देशों को क्लोरोक्विन दवाओं की आपूर्ति की है जिससे समूचे विश्व में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा, सिर्फ देश के लोगों को कोरोना बीमारी से बचाने के ही उपाय नहीं किये गये बल्कि उनके कल्याण के लिए लाखों करोड़ की योजनाएं देश प्रारंभ की गयीं।

संक्षिप्त समाचार



## मिसाइल-रॉकटों की बढ़ेगी और रफ्तार, DRDO ने किया हाइपरसोनिक स्क्रैमजेट इंजन का सफल परीक्षण

**नेशनल डेस्क।** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने सोमवार को स्वदेशी रूप से विकसित स्क्रैमजेट प्रोपल्शन सिस्टम का उपयोग कर हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमोनट्रेटर वाहन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। राजनाथ सिंहने ट्वीट किया कि इस सफलता के बाद अब अगले चरण की प्रगति शुरू हो गई है, को इस कामयाबी के लिए बधाई। राजनाथ ने लिखा कि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया, मैंने परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों से बात की और उन्हें इस महान उपलब्धि पर बधाई दी, भारत को उन पर गर्व है। बता दें कि इसका इस्तेमाल हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनाने और काफी कम खर्चे में सैटेलाइट लॉन्चिंग में की जाएगी, साथ ही हाइपरसोनिक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों के लिए यान के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा।

## कोरोना संकट के बीच मानसून सत्र की तैयारियां जोरों पर

**नेशनल डेस्क।** कोरोना संकट के बीच संसद का मानसून सत्र 14 सितंबर से शुरू होने जा रहा है। मानसून सत्र को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक संसद में काम करने वाले सभी अधिकारियों की कोरोना जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सत्र का संचालन करने वाले 1,000 से ज्यादा अधिकारियों की कोरोना जांच होगी। 1 अक्तूबर से रोज सुबह 9 से दोनों सदन में अधिकारियों को बिना साप्ताहिक छुट्टी और बिना प्रश्नकाल के काम करना पड़ेगा। शायद निजी सदस्यों के बिलों को रद्द करने के लिए भी कोई प्रावधान नहीं होगा। सभी अधिकारियों के लिए ष्टश्1द्बस्र-19 की जांच अनिवार्य कर दी गई है। क्योंकि वे संसद सदस्यों के साथ संपर्क में रहेंगे और क्षेत्रों में उनकी पहुंच होगी। अधिकारियों को स्क्रीनिंग के दौरान तस्वीरें नहीं लेने और प्रक्रिया के बारे में गोपनीयता बनाए रखने के लिए भी कहा गया है।

## अधीर रंजन चौधरी का केंद्र पर तंज, कहा- मोदीनॉमिक्स फेल, मनमोहन सिंह की बात सुनें प्रधानमंत्री

**कोलकाता।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने जीडीपी के नकारात्मक स्तर पर जाने को लेकर सोमवार को केंद्र पर निशाना साधा और कहा कि 'मोदीनॉमिक्स नाकाम साबित हुई है तथा 'अंध राष्ट्रवाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का तरीका नहीं हो सकता। कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अर्थव्यवस्था में नई जान डालने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की बात धैर्य से सुननी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, ''मोदी सरकार ने खुद को ऐसी सरकार साबित किया है जो राजनीतिक तथा आर्थिक दिवालियेपन की शिकार है। चीन की अर्थव्यवस्था जहां 3.8 प्रतिशत की विकास दर से बढ़ रही है, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था 23.9 प्रतिशत नीचे चली गई है। लोकसभा सांसद ने कहा, ''मोदीनॉमिक्स नाकाम रही है।

## देवमणि बोले-प्रदेश में एक और ब्राह्मण की हत्या!, आखिर कब तक ऐसा होता रहेगा?

**सुलतानपुर।** लखीमपुर खीरी में रविवार को निघासन विधानसभा से तीन बार निर्दलीय विधायक रहे निर्वेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना की पीट पीटकर हत्या कर दी गई! इस मामले को लेकर सपा-बसपा-कांग्रेस ने यूपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। इस घटना पर सुलतानपुर के लम्भुआ विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक देवमणि द्विवेदी ने दुख जाहिर किया है। देवमणि द्विवेदी ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा, 'लखीमपुर खीरी के निधासन इलाके से तीन बार के विधायक रहे निर्वेन्द्र मिश्रा मुन्ना की आज निर्मम हत्या कर दी गयी.÷ दोषियों पर कार्यवाही ऐसी हो की मिसाल बने. मन में अजीब सी पीड़ा है आखिर कब तक?'' बीजेपी विधायक देवमणि ने कहा कि प्रदेश में एक और ब्राह्मण की हत्या की गई, मन में अजीब सी पीड़ा है। आखिर कब तक ऐसा होता रहेगा? गौरतलब है कि त्रिकोलिया पढुआ बस अड्डे के मेन रोड पर पूर्व विधायक की जमीन है। इस पर विवाद के चलते मामला न्यायालय में विचाराधीन है। विवादित जमीन पर विपक्षी किशन कुमार गुप्ता रविवार को सैकड़ों लोगों के साथ कब्जा करने पहुंच गए। यह देख पूर्व विधायक भी अपने लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि बदमाश ने गुर्गों संग मिलकर हत्या की जघन्य वारदात को अंजाम दिया। दबंगों ने पूर्व विधायक की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। कब्जा रोकने के लिए एजाज नामक बदमाश ने गुर्गों संग मिलकर हत्या की जघन्य वारदात को अंजाम दिया। दबंगों ने पूर्व विधायक की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। कब्जा रोकने के लिए एजाज नामक बदमाश ने गुर्गों संग मिलकर हत्या की जघन्य वारदात को अंजाम दिया। दबंगों ने पूर्व विधायक की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। बचाव में दौड़े पूर्व विधायक के बेटे संजीव कुमार को पीटा गया। इससे दोनों की हालत बिगड़ गई। विधायक की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई वहीं बेटे की हालत गंभीर बनी हुई है।

## वायुसेना की शान बनेगा राफेल, 10 सितंबर को एयरफोर्स में होगा शामिल

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी का सामना कर रही वायु सेना के लिए आगामी 10 सितम्बर का दिन काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में शक्ति संतुलन को बदलने की ताकत रखने वाला यह विमान फ्रांस से खरीदा गया है और इस दिन वायु सेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल होने के बाद यह इसकी शान बनेगा। वायु सेना के लिए तुरूप का इक्का माने जाने वाले पांच राफेल विमानों की पहली खेप गत जुलाई में ही भारत आई थी। वायु सेना की ओर से आज आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है कि इन विमानों को 10 सितम्बर को अंबाला वायु सेना स्टेशन में वायु सेना में औपचारिक रूप से शामिल किया जायेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांसीसी रक्षा मंत्री फलोरेंस पार्ले भी इस मौके पर हरियाणा के अंबाला स्थित वायु सेना स्टेशन में मौजूद रहेंगी। वायु सेना ने 59 हजार करोड़ रूपये की लागत से फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद का सौदा किया है। इनमे से पांच विमान गत 29 जुलाई को भारत आए थे और चार विमानों की अगली खेप के अक्टूबर में आने



की संभावना है। पाकिस्तान और चीन सीमा पर एक साथ दो मोर्चों पर अभियान के लिए वायु सेना के पास राफेल जैसे विमान की बेहद अधिक जरूरत बताई जा रही है। वायु सेना में लड़ाकू विमानों के स्कवैड्रनों की स्वीकृत संख्या 42 है लेकिन पिछले वर्षों में इसमें अच्छी खासी कमी आई है।

## मायावती के दलित वोट बैंक में सेंध लगाने में जुटी यूपी कांग्रेस, एसी के 17 जिलाध्यक्ष और 4 नगर अध्यक्ष किया नियुक्ति

**यूपी डेस्क।** देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में तीन दशकों से हासिये पर चली रही कांग्रेस एक बार फिर मुस्लिम-दलित वोटों के सहारे अपनी सियासी जमीन मजबूत करने में लग गई है। गौरतलब है कि मुस्लिम-दलित वोट बैंक के सहारे कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में लम्बे समय तक राज किया था, लेकिन जबसे मुस्लिमों ने समाजवादी पार्टी और दलितों ने बसपा का दामन थामा तबसे कांग्रेस को यहां कोई पूछने वाला नहीं रहा। इसी वोट बैंक को साधने के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने यूपी कांग्रेस में अनुसूचित जाति विभाग में पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में तैनाती की है। यूपी कांग्रेस ने अनुसूचित विभाग के 17 जिला अध्यक्ष और 4 नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की है। मथुरा जेल से रिहा होने के बाद डॉ. कफील उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ कांग्रेस शासित राजस्थान चले गए। डॉ. की रिहाई के बाद प्रियंका गांधी ने उनसे बात भी की थी। कफील खान ने कहा कि प्रियंका गांधी ने उन्हें राजस्थान आने के लिए कहा था। इतना ही नहीं कफील ने रिहाई में मदद के लिए प्रियंका गांधी की तारीफ भी की थी। भीम आर्मी के संस्थापक व युवा दलित चेहरा बनकर उभरे चंद्रशेखर आजाद से भी प्रियंका गांधी की नजदीकियां हैं। पहली बार जेल से छूटने के बाद प्रियंका गांधी उनसे मिलने अस्पताल भी पहुंची थीं। हालांकि चंद्रशेखर आजाद ने किसी भी पार्टी से रिश्ते की बाद अस्वीकार की है। बीते दिनों उन्होंने अपनी खुद की पार्टी 'आजाद समाज पार्टी' का ऐलान भी कर दिया। इस दौरान चंद्रशेखर विधानसभा चुनाव लडने की भी घोषणा कर चुके हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद क्या होता है? दरअसल, लोकसभा चुनाव के समय जब सपा-बसपा में गठबंधन हुआ था, तो उस गठबंधन में कांग्रेस भी शामिल होना चाह रही थी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इसके लिए तैयार भी हो गए थे, परंतु मायावती की हठधर्मी के चलते यह संभव नहीं हो पाया था। कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ी और उसे बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस का प्रियंका कार्ड (जिसे पार्टी अपना ट्रम्प कार्ड कहती थी) पूरी तरह से विफल हो गया था। कांग्रेस की सीटें दो से एक पर सिमट गई थी। सिर्फ सोनिया गांधी रायबरेली से जीत पाईं थी, राहुल गांधी तक को अमेठी गंवाना पड़ गया था। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से ही बसपा सुप्रीमो मायावती, कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा की आंख की किरकिरी बनी हुई हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव इसके लिए तैयार भी हो गए थे, परंतु मायावती की हठधर्मी के चलते यह संभव नहीं हो पाया था। कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ी और उसे बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस का प्रियंका कार्ड (जिसे पार्टी अपना ट्रम्प कार्ड कहती थी) पूरी तरह से विफल हो गया था। कांग्रेस की सीटें दो से एक पर सिमट गई थी। सिर्फ सोनिया गांधी रायबरेली से जीत पाईं थी, राहुल गांधी तक को अमेठी गंवाना पड़ गया था। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से ही बसपा सुप्रीमो मायावती, कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा की आंख की किरकिरी बनी हुई हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## अंतरिक्ष में होड़

कोई भी वैज्ञानिक प्रगति खुशी की वजह बनती है, लेकिन यदि किसी वैज्ञानिक कामयाबी को गोपनीय रखा जाए, तो चिंता होना वाजिब है। ऐसी ही स्थिति दुनिया में अभी बनी हुई है, क्योंकि चीन ने गोपनीय तरीके से एक ऐसे अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया है, जिसे लौटाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकेगा। कक्षा में यान स्थापित करने का चरण वह पूरा कर चुका है, और एक निश्चित अवधि के बाद वह इस यान को चीन में ही किसी जगह उतारेगा। यह प्रयोग अमेरिका भी कर चुका है और चिंता की बात यह है कि अमेरिका ने भी अपने इस अभियान को गोपनीय रखा था। यह चीनी यान भी अमेरिकी यान बोइंग एक्स-37बी जैसा बताया जा रहा है। अमेरिका ने इसी साल 17 मई को बोइंग एक्स-37बी को अपने छठे अभियान पर भेजा है। दोबारा उपयोग के योग्य यान के निर्माण अभियान में यूरोपीय स्पेस एजेंसी भी लगी है। अभी जो स्थिति है, उसमें केवल अमेरिका ही इस तकनीक में सफल है, लेकिन चीन के सफल होने के बाद यह होड़ तेज होने की आशंका है। अमेरिकी विशेषज्ञ भी चिंतित हैं, क्योंकि चीन ने यह नहीं बताया है कि यह किस अभियान का हिस्सा है? हालांकि यह बात उजागर हो चुकी है कि यह विशेष अंतरिक्ष यान चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित जियूक्वुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से छोड़ा गया है। यह यान पृथ्वी की परिक्रमा करेगा, लेकिन किस कार्य को अंजाम देगा, यह केवल उसके मालिक देश को मालूम है। यदि केवल वैज्ञानिक ढंग से सोचें, तो इस तकनीक में महारत हासिल करना हर उस देश लिए जरूरी है, जो अंतरिक्ष में यान या उपग्रह भेजने की क्षमता रखता है। अव्वल तो इस तकनीक से अंतरिक्ष अभियानों में होने वाले भारी व्यय में कमी आएगी। एक ही यान एक से अधिक या कई बार इस्तेमाल किया जा सकेगा। अलग-अलग मकसद से कुछ-कुछ समय के लिए यान अंतरिक्ष में भेजना संभव होगा। इसके अलावा, पृथ्वी की कक्षा में अपनी सेवा पूरी कर चुके अंतरिक्ष यानों या उपग्रहों की भरमार नहीं होगी और अंतरिक्ष में नया कचरा भी कम तैयार होगा। इस तकनीक में महारत हासिल करने में जुटे देशों को यह भी कोशिश करनी चाहिए कि इस तकनीक के जरिए पृथ्वी की कक्षा से कचरे की सफाई की जा सके। चीन ने इस यान के शांतिपूर्ण इस्तेमाल की बात कही है, लेकिन उस पर यकीन न करने की एकाधिक वजहें हैं। हालांकि, उससे यही उम्मीद रहेगी कि वह अपनी क्षमता का सकारात्मक उपयोग करे। अमेरिका के ऐसे ही अभियान के तहत यह प्रयोग भी चल रहा है कि अंतरिक्ष की कक्षा में ही सोलर एनर्जी को एकत्र कर माइक्रोवेव्स के रूप में धरती पर भेजा जा सके। यह जरूरी है कि न केवल अमेरिका, बल्कि चीन भी अंतरिक्ष ज्ञान का आक्रामक उपयोग न करे। भारत भी अंतरिक्ष ज्ञान में आगे है, लेकिन उसकी मंशा कभी भी तकनीक के दुरुपयोग की नहीं रही है और उसके अभियान दुनिया को पता हैं। आशंका है, चीन ऐसे ही अंतरिक्ष यान को परमाणु हथियारों की दृष्टि से सक्षम बनाने में जुटा है और आगामी वर्षों में अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात कर देगा। वह दूसरे देशों के सैटेलाइट और उनके कामकाज को प्रभावित करने में माहिर होना चाहता है। अब दुनिया के अच्छे या विश्वसनीय देशों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में प्रगति और भी जरूरी हो गई है।



## आज के ट्वीट

### अपमान

**जब नसीरुदीन, जावेद अख्तर और बीबी बच्चो सहित आमिर खान को मुंबई में डर लग रहा था तब मुंबई और महाराष्ट्र का अपमान ना हुआ आज 'कंगना रनौत' डर गयी तो अस्मिता जाग उठी ये राजनेता इतना दोगलापन लाते कहां से हैं?? - अर्नब गोस्वामी**

# सामूहिक चेतना कुंद करती विद्रूप संस्कृति

**अविजीत पाठक**



पिछले कुछ समय से टेलीविजन पर आने वाली खबरें देखनी बंद कर दी हैं, खासकर 'प्राइम टाइम' की पैनल बहस। कुछ अपवादों को छोड़कर यह तथाकथित दलीलें अत्यधिक शोर-शराबे वाली और तेजाबी होती हैं। तथ्य तो यह है कि नैतिक और बौद्धिक रूप से अधकचरे स्टार एंकर्स और विभिन्न राजनीतिक दलों से आए आक्रामक प्रवक्ताओं के बीच चलने वाले संवाद, जो जरूरी नहीं कल्पनाशील और आकलनकारी हों, असल में बड़े पैमाने पर मानसिक हिंसा पैदा करने का कारक हैं। शायद ही इन दिनों हमें कभी अर्थपूर्ण विचार-विमर्श देखने को मिलता हो, जिसमें विचारों की सुस्पष्टता, दूसरों को सुनने का माद्दा या सभ्यतापूर्ण धीरज बनाए रखा जाता हो। इसकी बजाय जहरबुझे शब्द, व्यक्तिगत तंज और ढर्रे के प्रत्यारोप देखने को मिलते हैं। मसलन अगर कांग्रेस राफेल के मुद्दे को उठाएगी तो भाजपा का प्रवक्ता बिना देर किए बोफोर्स रिश्वत कांड का जिक्र बीच में ले आएगा, यदि कांग्रेस गुजरात दंगों की बात करेगी तो भाजपा 1984 के सिख नरसंहार को याद दिलाना नहीं भूलती। इससे बात किसी मुकाम पर नहीं पहुंचती। इस वाद-विवाद से धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रवाद और विकास पर हमारी समझ में कोई इजाफा नहीं होता। टीवी पर ऐसे कार्यक्रम देखते हुए लोग केवल बनावटी संस्कृति एवं मनोवैज्ञानिक उत्तेजना का हिस्सा बन रहे हैं। यानी मानसिक रूप से बीमार हो चुके हैं। बाज दफा जहरीले बोलों से पैदा हुआ उग्र मानसिक उद्वेग जानलेवा भी बन सकता है और खुद प्रवक्ता तक इसके शिकार बन सकते हैं, भले ही वे खुद भी इस संस्कृति के वाहक होते हैं। उदाहरणार्थ हाल ही में एक टेलीविजन बहस में कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी को भाजपा के संबित पात्रा से गर्मागर्म वाद-विवाद के बाद दिल का दौरा पड़ा था और उनकी अकाल मौत हो गई। इस वाकये ने टेलीविजन जनित उस दुष्टता पर नया विमर्श छेड़ दिया है, जिसका पोषण इन दिनों किया जा रहा है। टेलीविजन पर आने वाली बहसों और राजीव त्यागी की मौत के बीच संबंध को कोई कैसे रफा-दफा कर सकता है? तथापि, इस प्रसंग ने जिस तथ्य को पुनः याद दिलाया है, वह मीडिया से उपजती हिंसक संस्कृति की तीव्रता से बनने वाले नतीजों का साक्षात संकेत है और यह भी कि इनसान को किस कदर मानसिक आघात हो सकता है। बतौर सजग नागरिक हमें इस विद्रूपता का संज्ञान लेते हुए विरोध करना होगा ताकि सार्वजनिक संचार माध्यमों पर शालीनता बनी रह सके। हमें यह भी इल्म है कि इस तरह का मछली बाजार सजाने वाले ज्यादातर न्यूज चैनलों की रुचि वैसी खबरें प्रसारित करने में सचमुच नहीं है जो एक जीते-जागते प्रजातंत्र के विकास के लिए अत्यंत जरूरी हैं। नवउदारवादी अर्थतंत्र के तर्कों में किसी भी हीले-हवाले मुनाफा कमाने की यंत्रवत जहनियत निहित रहती है, सत्तारूढ़ सरकार से नजदीकी बनने का फायदा, वह ऐसे समय में जब विरोध की आवाज लगभग अपराध बन गई है और नित नए तमाशों से जनमानस पर सामूहिक सम्मोहन बनाया जा रहा है, वह कारक हैं जिनसे इस किस्म की जहरीली संस्कृति फल-फूल रही है। इसके नतीजों को देखें तो पाते हैं कि सत्य हाशिये पर जा रहा है; गंभीर पत्रकारिता घाटा भुगत रही है; सनसनीपन को बढ़ावा दिया जा रहा है; बहसें ऐसे वाक्युद्ध से भरी हैं, जिसमें दोफाड़ करना मकसद हो, मसलन, हिंदू बनाम मुस्लिम, राष्ट्रभक्त बनाम देशद्रोही, हिंदुत्व बनाम वाम/उदारवाद का 'छद्म धर्मनिरपेक्ष।' जी हां, आजकल यही बिकता है, क्योंकि यह दर्शक की पशुता-ग्रंथि को उत्तेजित करता है। इस तरह के कार्यक्रम परोसने पर मीडिया कंपनियों को दर्शकों के आलोचनात्मक आकलन का खतरा नहीं रहता। यह सब देखना ऐसा है मानो एक नाटकीय धारावाहिक या रियलिटी शो या फिर बॉलीवुड की मसाला फिल्म चल रही हो। यह जनता की सामूहिक चेतना को कुंद बनाकर न्यून करने की गरज से है। इसी में छिपी है असली चिंता। आखिरकार हमारे जैसे साधारण लोग जैसे कि क्लर्क या विभागाध्यक्ष, इंजीनियर एवं कॉर्पोरेट के कारकुन, विद्यार्थी या गृहिणियां, अध्यापक या मोची या फिर माली अथवा रेस्तरां का मालिक, हम सब इस ड्रामेबाजी को देखकर इन एंकरों का पोषण करने में मददगार हैं। हम ही उक्त चैनलों को जिंदा रखे हुए हैं, ऐसा करके हम लोग आभास देते हैं मानो राजनीतिक मुक्केबाजों का वाक्युद्ध सुनने को मरे जा रहे हैं। इससे ज्यादा की उम्मीद भी क्या करें जब राजनीति ही धर्म, जाति और वर्ग को केंद्र बनाकर सामूहिक भावना को भड़काने पर टिक चुकी है और सत्ताधीश झूठ को प्रचार के दम पर सच बनाने को उतारू हैं। यही हर शाम देखने को मिलता है। एक तरह से हम लोग भी इस संस्कृति के वाहक हैं। संभव है, मौजूदा काल जहां सामूहिक जनमानस हर चीज त्वरित चाहता है, लोगबाग जड़ों से कटकर कहीं और बसे हुए हैं, भोगवाद की लोलुपता रात-दिन अपनी ओर खींच रही है और चंहुओर मीडिया की पहुंच है, इन सबके चलते मनुष्य अंदर से खोखला हो चुका है। हर वह विषय जिस पर गंभीर विमर्श अथवा आकलनकारी चिंतन की दरकार है, वह लोगों के लिए उकताने वाला बन जाता है। इन परिस्थितियों के आलोक में खूबसूरत शास्त्रीय या लोक साहित्य की जगह धारावाहिकों ने ले ली है; किसी गंभीर राजनीतिक पर्यवेक्षक का आकलन हो या फिर लोगों के बीच जाकर की जाने वाली वास्तविक पत्रकारिता, इनको यथेष्ट संख्या में दर्शक नहीं मिल पाते हैं। इसकी बजाय हम मानते हैं कि खबरें भी चटपटी और मनोरंजक होनी चाहिए। जैसे शोले फिल्म में अभिताभ बच्चन और गब्बर सिंह के बीच हुई लड़ाई उत्तेजित करती है। मूकदर्शक के तौर पर हम लोगों ने खुद को सनसनीपन, असभ्य संवाद, अश्लीलता और राजनीतिक मुक्केबाजी का व्यसनी बना लिया है। अतएव क्या हैरानी कि ट्विटर या व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया पर धड़ाधड़ बरसने वाले संदेशों के जरिए जो भी जानकारी मिलती है, वही हमारे लिए महत्वपूर्ण स्रोत बन गई है और जिस पर हम यकीन करना पसंद करते हैं। इस समस्या का कोई त्वरित समाधान दिखाई नहीं देता। ऐसे में हमें अपनी शिक्षा पद्धति पर पुनः विचार करना होगा। मायने जिस तरह हम बड़े होते हैं, इस संसार को देखते हैं और इसमें विचरते-बरतते हैं। मेरा इशारा उस ओर है, जिसमें कुछ-कुछ राजनीतिक-नैतिक चेतना समाहित हो। जिसमें सजग नागरिक और जमीन से जुड़े सार्वजनिक बुद्धिजीवी बतौर अध्यापक हों। ऐसी शिक्षा जो हमें किसी का पिछलग्गू बनने से मुक्त करने में सहायक हो, जो हमारे अंदर अहसास जगाए कि राजनीति चौबीसों घंटे की जाने वाली ड्रामेबाजी नहीं है, न ही किसी आत्ममुग्ध व्यक्तित्व की छवि चमकाने के लिए है। इसके बजाय राजनीति में एक ऐसे पेशे का अनुभव होना चाहिए, जिससे न्यायसंगत समाज बन पाए। इस किस्म की उदार शिक्षा बनाकर हम समाज को सभ्य, सुसंस्कृत और सार्वजनिक जीवन में बौद्धिकतापूर्ण ईमानदार बनाने की दरकार रखते हैं। तब फिर, हम सच को झूठ से छांटकर अलग कर पाएंगे, बाहरी चमकदमक से इतर अंदरूनी ताकत को पहचान सकेंगे, ईमानदार संवाद और जहरीले दमगजों के बीच शिनाख्त करने की योग्यता पा जाएंगे। इस प्राप्ति के बाद ही हमारे लिए संभव होगा कि जिस किसी चीज को हम क्रूर, शोषणकारी और हिंसक पाएं, उसको अपनी अंदरूनी तार्किक शक्ति सक्रिय करते हुए बहिष्कृत करें। तब हमारे लिए जहरीला प्रचार फैलाने वाले सभी टेलीविजन चैनलों को नजरअंदाज करना मुश्किल नहीं होगा और न ही इन तथाकथित 'स्टार' एंकर्स को नकारना जो हम लोगों को बंधक की तरह ले रहे हैं।

लेखक समाजशास्त्री हैं।

## ज्ञान गंगा

### आत्म-कल्याण

श्रीराम शर्मा आचार्य

आत्म-कल्याण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आत्म-सुधार, आत्म-निर्माण और आत्म-विकास की प्रक्रिया को अपनाना आवश्यक है। जप, तप, ध्यान-भजन की सारी आध्यात्मिक विधि व्यवस्था इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए है। पर यह उद्देश्य जिन साधनों से प्राप्त होता है वह शरीर, मन और समाज हैं। इनके सुव्यवस्थित रहे बिना आत्म-कल्याण का लक्ष्य प्राप्त होना तो दूर जीवित रहने के दिन कटने भी कठिन हो जाते है। साधना का प्रथम सोपान, बाह्य-जीवन को सुव्यवस्थित बनाते हुए आत्मिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करना है। इस प्रथम कक्षा को उत्तीर्ण किये बिना जो लोग छलांग मारकर ऊपर चोटी पर चढ़ना चाहते हैं, सीधे प्रत्याहार, समाधि, चक्र-वेधन, कुण्डलिनी जागरण की बात सोचते हैं उन्हें असफलता ही मिलती है। आत्मिक पूर्णता का लक्ष्य मलीन और दूषित साधनों से कैसे प्राप्त किया जा सकेगा? स्वस्थ शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज के सहारे ही आत्मा अपने लक्ष की ओर गतिवान होती है। इसलिए प्रगति की इस पहली मंजिल को हमें सावधानी से पूरा करना चाहिए। इसके बाद अगली मंजिलें बहुत ही सरल हो जाती हैं। प्रथम कक्षा कमजोर रहे तो आगे का काम कैसे चलेगा? जिसके पैर ही कमजोर हैं उससे दौड़ कैसे लगाई जा सकेगी? जिसने प्राथमिक पाठशाला के स्वर, व्यंजन, गिनती, पहाड़े ही ठीक तरह याद नहीं किए हैं, उसके लिए एम.ए. की उत्तीर्णता का स्वप्न, काल्पनिक ही रह जाएगा। योग-साधना में पहले यम-नियमों की साधना करनी पड़ती है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह-यम और शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान-नियम इन दसों बातों पर बारीकी से ध्यान दिया जाय तो स्पष्ट हो जाता है कि इनका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक सुव्यवस्था ही है। ब्रह्मचर्य, शौच और तप का कार्यक्रम शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से रखा गया है। इन्द्रियों का संयम ब्रह्मचर्य के अंतर्गत आता है। शरीर, वस्त्र, घर एवं उपकरणों की स्वच्छता का तात्पर्य शौच है। तप का अर्थ है शारीरिक और मानसिक श्रम-आसन, प्राणायाम, व्यायाम, तितिक्षा, कष्ट-सहिष्णुता आदि। इन्हीं या ऐसे ही सुणों से स्वास्थ्य की रक्षा होती है। सत्य, सन्तोष, स्वाध्याय और ईश्वर उपासना यह चार आधार मानसिक स्वच्छता के लिए हैं।




## आज का राशिफल

**मेष** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। रोजी रोजगार की दिशा में सफलता के योग हैं। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**वृषभ** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक जनों से पीड़ा मिलने के योग हैं। वाणी की सौम्यता व्यर्थ के विवादों से आपको बचा सकती हैं।

**मिथुन** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप होगा।

**कर्क** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप होगा।

**सिंह** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धन हानि की संभावना है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें।

**कन्या** व्यावसायिक योजना सफल होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। धन हानि की संभावना है। व्यर्थ क विवाद में न पड़ें।

**तुला** व्यावसायिक योजना सफल होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिय मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृश्चिक** जीवनसाथी का सहयोग व सानिय मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। रोजी रोजगार की दिशा में सफलता के योग हैं। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। वाणी की सौम्यता व्यर्थ के विवादों से आपको बचा सकती है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**मकर** राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ के विवाद रहेंगे।

**कुम्भ** आर्थिक उन्नति के योग हैं। मांगलिक कार्यो में हिस्सेदारी लेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। संतान के कारण चिंतित रहेंगे। प्रणय संबंधों में कटुता आ सकती है। रोजी रोजगार की दिशा में उन्नति होगी।

**मीन** व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान के कारण तनाव हो सकता है। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा। धन लाभ की संभावना है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

# दृढ़ता के संकल्प से दुर्जेय लक्ष्यों पर जीत

**दिनेश चमोला**



मनुष्य का मन एक ठोस व विशालकाय लौह प्रतिमा के समान है, जो जहां कुछ पाने के लिए लक्ष्योन्मुख हो जाता है या अवस्थित हो जाता है तो फिर संसार का भयावह से भयावह झंझावात भी उसे वहां से हिला नहीं पाता या उसे अपना अभीष्ट पाने से रोक नहीं सकता। जिस कार्य को करने के लिए सुदृढ़ मन एक बार ठान लेता है तो संसार की कोई भी ताकत, विपरीतता अथवा भाग्य का कुचक्र उसे रोक पाने का दु:साहस व हिम्मत नहीं जुटा पाता। यदि मनुष्य अपने मन के सुदृढ़ व अडिग निर्णय के अनुसार आत्मविश्वास व सजगता के साथ अपने लक्ष्य की ओर दिन-ब-दिन अग्रसर होता है तो बड़ी-बड़ी बाधाएं स्वतः ही दुम दबाकर भाग जाती हैं और मनुष्य अपने सोचे हुए गंतव्य पर निर्धारित समयावधि में आरूढ़ होकर इतिहास की संकल्पनाओं को ही बदल देने में सक्षम हो जाता है। इसीलिए सच ही कहा गया है कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत...'। जिनके लौह और अयस्क के मंसूबे हैं, उनके आगे प्रचंड से प्रचंड विपरीतताएं व प्रतिद्वंद्वियों द्वारा रचे गए कुचक्र भी पानी भरने को विवश होते हैं। पर यह भी सच है कि यदि हम मन से मजबूत नहीं हैं अथवा हम अपने आपको मानसिक तौर पर दुर्बल मानने के आदी हैं तो हम अत्यंत सक्षम, हृष्ट-पुष्ट व बलिष्ठ होने के बावजूद भी अपने लक्ष्य को पार पाने में किसी रूप में सफल नहीं हो सकते। दुनिया का दस्तूर निर्बल को सबल बनाना नहीं, बल्कि सबल को चारों खाने चित्त कर दुर्बल करार देना है। दूसरी ओर यदि हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से अथवा बौद्धिक रूप से चाहे कितने कमजोर क्यों न हों, किंतु यदि मानसिक रूप से नितांत मजबूत हों और एकमत से यह स्वीकार करते हों कि हम अमुक क्षेत्र में अमुक कार्य में सफलता हासिल कर सकते हैं तो हमें अपनी मंजिल पाने से कोई रोक नहीं सकता। इस बात के अनेक उदाहरण जीवन के अन्यान्य क्षेत्रों में हमें स्पष्ट तौर पर दिखाई देते हैं। मन की दृढ़ता का लौहस्तंभ जिनके हृदय में अवस्थित होता है, वे ही उपलब्धियों की दुर्गम व दुर्जेय पहाड़ियों पर अपने मजबूत इरादों की सफलता का ध्वजारोहण कर पाते हैं। अतः सकारात्मक दृष्टि से जीवन जीना, जीवन को न केवल नई ऊंचाइयां देना है बल्कि एक ऐसे इतिहास के निर्माण को साकार कर दिखाना भी है जो एकाएक असंभव व कल्पनातीत है। एक बार एक स्कूली छात्र भयावह अग्निकांड का शिकार हो गया और इतनी बुरी तरह से जल गया कि उसके शरीर का कमर से निचला भाग चेतना शून्य हो गया। चिकित्सकों के बहुत उपचार के बाद भी वह ठीक न हो सका। अब आजीवन व्हीलचेयर ही एकमात्र विकल्प बन गया। सभी यह देख अत्यंत निराश हो गए कि अब जीवन में यह बालक कभी अपने पैरों पर नहीं खड़ा हो पाएगा। वह चलने के लिए मचल उठता लेकिन निष्प्राण पैरों को घसीटने के अलावा कोई चारा न था। एक दिन उसके मन में जाने क्या आई कि उसने उस व्हीलचेयर को वहीं छोड़ दिया और घास को पकड़ पैरों को घसीटते-घसीटते वह मैदान से कुछ दूर लकड़ी की खड़ी तीखी रेलिंग पर जिंदगी को दांव पर लगा बार-बार अपने निष्प्राण पैरों को खड़ा करने के इरादे से जुट गया। उसकी मृत्यु तय थी लेकिन वह न मरना चाहता था, न बेजान पैरों को घिसटना... अपने बुलन्द इरादों से अपने पैरों पर खड़ा होना चाहता था। उसमें अद्भुत जिजीविषा थी। वह जीवन से हार नहीं मानना चाहता था। वह रोज वहां आता व अथक परिश्रम करता। धीरे-धीरे पैरों में चेतना लौटने लगी। वह अपने मिशन में सफल होने लगा। एक दिन विस्मय हुआ, वह चलने लगा... चलने ही ही नहीं, शनै-शनै दौड़ने लगा। और अपने लौह व बुलन्द मंसूबों से उसने एक दिन चिकित्सकों की भविष्यवाणी को असत्य साबित कर दिया। अब वह स्कूल, कॉलेज के लिए दौड़ने लगा। चिकित्सकों के अनुसार जीवन में कभी खड़ा न हो सकने वाला यह खेल की दुनिया का नायाब सितारा डॉ. ग्लेन कुनिंघम फरवरी 1934 को न्यूयॉर्क शहर के प्रसिद्ध मैडिसन स्क्वायर गार्डन में विश्व का सबसे तेज धावक सिद्ध हुआ। अतः बुलंद इरादे व अयस्क मंसूबे, जीवन में असंभव को भी अपनी सकारात्मकता से सम्भव कर नया इतिहास पिरोने का जज्बा रखते हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## अगस्त में चीन का निर्यात 9.5 प्रतिशत बढ़कर 235 अरब डॉलर पर, आयात में गिरावट

**बीजिंग।** चीन के निर्यात में अगस्त में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। हालांकि, इस दौरान उसके आयात में कमी आई है। इन ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अब कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव से उबरने लगी है। सीमा शुल्क विभाग के आंकड़ों के अनुसार अगस्त में चीन का निर्यात पिछले साल के समान महीने की तुलना में 9.5 प्रतिशत बढ़कर 235.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। जुलाई में चीन का निर्यात 7.2 प्रतिशत बढ़ा था। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में चीन का आयात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2.1 प्रतिशत घटकर 176.3 अरब डॉलर रह गया। जुलाई में भी चीन का आयात 1.4 प्रतिशत घटा था। दुनिया के अन्य देशों की तुलना में चीन की अर्थव्यवस्था जल्दी खुल गई है, जिसका देश के निर्यातकों को लाभ हो रहा है। वहीं चीन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी देश अब भी महामारी नियंत्रण के उपाय लागू करने में ही जुटे हैं।

## टी-सीरीज ने कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर कई सोशल वीडियो ऐप को भेजे नोटिस

**नई दिल्ली।** संगीत कंपनी टी-सीरीज ने बोलो इंड्या, मित्रों, एमएक्स प्लेयर के टकाटक, ट्रिलर और जोश समेत कई सोशल वीडियो ऐप को कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर नोटिस भेजे हैं। टी-सीरीज ने इन ऐप को अपनी सामग्री का इस्तेमाल उनके मंचों पर करने को लेकर चेतावनी भी दी है। टी-सीरीज ब्रांड नाम से परिचालन करने वाली कंपनी सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने इन ऐप को लगभग 3.5 करोड़ रुपए के नुकसान का भुगतान करने और अवैध रूप से अर्जित सभी राजस्व के खातों को प्रस्तुत करने को कहा है। कंपनी ने चीन के ऐप स्नैक वीडियो को भी नोटिस दिया है, जो भारत में चालू है और शॉर्ट-वीडियो ऐप रोपोसो के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। संपर्क करने पर टी-सीरीज द्वारा नियुक्त इरा लॉ फर्म ने इन प्लेटफार्मों को नोटिस जारी करने की पुष्टि की। इरा लॉ के पार्टनर गीतांजलि विश्वनाथन ने कहा कि नामित वीडियो ऐप को कानूनी नोटिस दिया गया है और रोपोसो के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया है। बोलो इंड्या ने कहा कि यह ऑडियो और वीडियो लाइब्रेरी को उपयोगकर्ताओं के लिए एक फीचर के रूप में पेश नहीं करता है। अतः संगीत के कॉपीराइट अधिकारों के उल्लंघन का कोई आधार नहीं है। ट्रिलर ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और अन्य कंपनियों ने इस संबंध में पूछे गए सवाल का अभी तक जवाब नहीं दिया है।

## डीजल सस्ता, पेट्रोल के दाम स्थिर



**नई दिल्ली ।** पेट्रोल की कीमत आज लगातार छठे दिन स्थिर रही जबकि डीजल के दाम में कटौती हुई। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का मूल्य 82.08 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी इसकी कीमत क्रमशः 83.57 रुपये, 88.73 रुपये और 85.04 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही। डीजल दिल्ली और कोलकाता में 11-11 पैसे सस्ता होकर क्रमशः 73.16 रुपये और 76.66 रुपये प्रति लीटर रह गया। मुंबई में यह 12 पैसे सस्ता होकर 79.69 रुपये और चेन्नई में 10 पैसे सस्ता होकर 78.48 रुपये प्रति लीटर के भाव बिका।

# ट्राई ने प्रायरिटी प्लान पर नोटिस का जवाब देने को वोडाफोन आइडिया को 8 सितंबर तक का समय दिया




**नई दिल्ली।**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने वोडाफोन आइडिया को वरीयता या प्रायरिटी प्लान पर कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए आठ सितंबर तक का समय दिया है। कंपनी ने नोटिस का जवाब देने के लिए और समय मांगा था। ट्राई ने पिछले महीने वोडाफोन आइडिया को ग्राहकों से वरीयता के लिए अधिक भुगतान के मोबाइल प्लान का लेकर नोटिस जारी किया था। नियामक का कहना था कि इस प्लान में पारदर्शिता का अभाव है और यह भ्रामक है। साथ ही यह नियामकीय नियमों के अनुरूप नहीं है। ट्राई ने शुरुआत में वोडाफोन आइडिया को नोटिस का जवाब 31 अगस्त तक देने को कहा था। कंपनी के आग्रह के बाद इसे बढ़ाकर चार सितंबर दिया गया था। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि वोडाफोन आइडिया ने नियामक को फिर पत्र लिखकर कहा है कि उसे 17 पृष्ठ के नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय और चाहिए। यह नोटिस 25 अगस्त को जारी किया गया था। सूत्र ने बताया कि ट्राई ने अब कंपनी को नोटिस का जवाब देने लिए आठ सितंबर तक का समय दे दिया है। इस बारे में वोडाफोन आइडिया को भेजे ई-मेल का जवाब नहीं मिला। नियामक वोडाफोन आइडिया के कुछ ग्राहकों को वरीयता देने के प्लान की जांच कर रहा है। नियामक ने कंपनी को नोटिस जारी कर पूछा है कि रेडएक्स शुल्क प्लान के जरिए नियामकीय नियमों के उल्लंघन के लिए क्यों न उसके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई की जाए। नियामक ने कहा है कि रेडएक्स प्लान में पारदर्शिता का अभाव है। यह भ्रामक और दूरसंचार दर आदेश, 1999 के तहत शुल्क आकलन के सिद्धान्तों के अनुकूल नहीं है।

## सर्राफा एमसीएक्स समीक्षा सोना चांदी नरम



**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं पर बने दबाव का असर बीते सप्ताह घरेलू बाजार पर दिखा जहां सोना और चांदी में नरमी दर्ज की गयी। समीक्षाधीन अवधि में वैश्विक बाजार में दोनों प्रमुख कीमती धातुओं पर दबाव देखा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 23.09 डॉलर उतरकर 1935.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया। इस दौरान अमेरिका सोना वायदा 34.80 डॉलर गिरकर 1935.80 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चांदी हाजिर 0.82 डॉलर उतरकर 26.78 डॉलर प्रति औंस बोली गई। घरेलू स्तर पर मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना 532 रुपए उतरकर 50857 रुपए प्रति दस ग्राम पर रहा। सोना मिनी 34 रुपए गिरकर 50942 रुपए प्रति दस ग्राम पर रहा। इस अवधि में चांदी गिरकर 67180 रुपए प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी लुढ़ककर 67198 रुपए प्रति किलोग्राम बोली गई।

## सिप में निवेश में 143प्रतिशत का उछाल, मासिक पंजीकरण दोगुना हुआः पेटीएम मनी

**नई दिल्ली।** डिजिटल वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम मनी के मंच पर बीते वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (सिप) में मासिक निवेश में 143 प्रतिशत का उछाल आया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसके कारोबारी परिचालन के दो साल पूरे हो गए हैं। इस दौरान 66 लाख ग्राहकों ने उसके मंच के जरिए विभिन्न वित्तीय सेवाओं में निवेश किया है। इनमें से 70 प्रतिशत लोग पहली बार के निवेशक हैं। पेटीएम मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वरुण श्रीधर ने बयान में कहा, ''पिछले दो साल के दौरान नवोन्मेषी और व्यक्तिगत सेवाओं के जरिए हमने छोटे शहरों और कस्बों के लोगों में निवेश करने का भरोसा पैदा किया है। हम निवेश यात्रा में पहला कदम बनना चाहते हैं जिससे प्रत्येक प्रयोगकर्ता प्रौद्योगिकी और वित्तीय समावेशन का लाभ उठा सके। कंपनी ने कहा कि 2019-20 में उसने सालाना आधार पर मासिक सिप पंजीकरण में 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बयान में कहा गया है कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान पेटीएम मनी ने नए मासिक सिप पंजीकरण में 100 प्रतिशत तथा कुल मासिक निवेश में 143 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। मासिक निवेश में 143 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। अब तक कंपनी के मंच से म्यूचुअल फंड में 20 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हो चुका है।

## ई-वाहन पर तेजी दिखा रहे विनिर्माता, महिंद्रा इस साल पेश करेगी 3 ईवी

**नई दिल्ली।**

भले ही वाहन निर्माता कंपनियों के इंटरनल कम्बश्चन इंजन-संचालित वाहन कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं लेकिन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की दिशा में हो रहे सुधार की रफ्तार बाधित नहीं हुई है। वाहन उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि मांग में आई तेजी से उत्साहित कई वाहन कंपनियां अपने निर्धारित निवेश के साथ आगे बढ़ रही हैं और उन्होंने नई पेशकशों की योजना बनाई है। टाटा मोटर्स में यात्री वाहन व्यवसाय इकाई के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा कहते हैं कि ईवी में सालाना आधार पर तेजी आई है। यह वृद्धि मजबूत हो सकती है, क्योंकि महामारी की वजह से सार्वजनिक यातायात पर लगाई गई सख्ती की वजह से ये वाहन ज्यादा प्रभावित नहीं हुए हैं। चंद्रा ने कहा, वर्क फॉम होम की वजह से कर्मचारी परिवहन खंड प्रभावित हुआ है और ई-मोबिलिटी सेवा कंपनियों को अपने मौजूदा वाहनों का इस्तेमाल करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि ईवी उद्योग में तेजी आएगी। कंपनी भारत में ईवी के लिए अपनी योजनाओं पर तेजी से आगे बढ़ रही है। मौजूदा समय में, टाटा मोटर्स ईवी पोर्टफोलियो में टिगोर ईवी के दो वर्जन- 140 किलोमीटर और 213 किलोमीटर रेंज- और 312 किलोमीटर रेंज के साथ नेक्सन ईवी शामिल हैं। ऑटो एक्सपो 2020 में प्रदर्शित हुई अल्ट्रोज ईवी उत्पादन के दौर से गुजर रही है। महिंद्रा इलेक्ट्रिक में मुख्य कार्याधिकारी महेश बाबू का कहना है कि ईवी स्पेस में प्रवेश करने वाली शुरुआती कंपनियों में से शामिल महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (एमऐंडएम) भी अपनी योजनाओं के साथ आगे बढ़ रही



है। ट्रियो ब्रांड के तहत ई-ऑटोरिक्शा की बिक्री करने वाली एमऐंडएम ईवी क्षेत्र में नई पेशकशों के साथ व्यस्त है। बाबू का कहना है, हालांकि परिचालन संबंधित विलंब की समस्या सामने आई है, लेकिन महामारी से हमारी योजनाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। एमऐंडएम ने इस त्योहारी सीजन में ई-केयूवी100 पेश करने की योजना बनाई है, जिसके बाद इस वित्त वर्ष के अंत तक ई-क्वाड्रीसाइकल एटम को उतारा जाएगा। इसके बाद अगले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही तक ई-एक्सयूवी300 को पेश किया जाएगा। बाबू ने कहा, महामारी से पैदा हुई ।

## भारत के रोजगार बाजार में महत्वपूर्ण बनी रहेंगी आईटी सेवाएं : टीसीएस सीईओ




**नई दिल्ली।** देश में प्रतिभा व सेवाओं की मांग में वृद्धि जारी रहने वाली है। ऐसे में रोजगार बाजार में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाएं महत्वपूर्ण बनी रहेंगी। आईटी कंपनी टीसीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक राजेश गोपीनाथन का यह मानना है। उन्होंने प्रशिक्षित आईटी पेशेवरों के लिए प्रतिस्पर्धी बने रहने को स्वचालन समेत अन्य नई प्रौद्योगिकियां अपनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। गोपीनाथन ने लिंक्डइन के द्वारा आयोजित एक हालिया वेबिनार में कहा, ''भारतीय आईटी क्षेत्र की रोजगार देने की क्षमता काफी मजबूत बनी रहेगी और जहां हम अवसर देखते हैं, वहां अपेक्षाकृत तेजी से आगे बढ़ते रहेंगे। अन्य उद्योगों के लिए आईटी का सापेक्षिक अनुपात एक कारक है, जो बताता है कि व्यापक आर्थिक परिदृश्य में क्या होता है। निकट भविष्य में, आईटी सेवाएं बहुत आकर्षक रहेंगी और भारत में नौकरी के माहौल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहेंगी। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता कंपनी है और 4.4 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देती है।

# हवाई यात्रियों के लिए खुशखबरीः लॉकडाउन के दौरान बुक एयर टिकटों का पूरा पैसा होगा रिफंड!

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार यह प्रस्ताव लेकर आई है कि लॉकडाउन के दौरान बुक किए गए टिकटों के लिए एयरलाइनों द्वारा 15 दिनों के भीतर पूरी राशि वापस दी जानी चाहिए, और यदि कोई एयरलाइन वित्तीय संकट में है और ऐसा करने में असमर्थ है तो उसे 31 मार्च, 2021 तक यात्रियों की पसंद की यात्रा क्रेडिट शेल प्रदान किया जाना चाहिए। घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और विदेशी एयरलाइनों में लॉकडाउन के दौरान बुक किए गए टिकटों के लिए पूर्ण राशि वापस करने का प्रस्ताव दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामे में नागर विमानन के निदेशक ओ.के. गुप्ता ने कहा, घरेलू एयरलाइनों के लिए यदि टिकटों को सीधे एयरलाइन या एक एजेंट के माध्यम से पहले लॉकडाउन अवधि 25 मार्च-14 अप्रैल के दौरान 25 मार्च-3 मई के बीच पहली और दूसरी लॉकडाउन अवधि में यात्रा करने के लिए बुक किया गया था, तो ऐसे सभी मामलों में, एयरलाइंस द्वारा तुरंत पूरा रिफंड दिया जाएगा। हलफनामे में कहा गया है, ''अन्य सभी मामलों के लिए एयरलाइंस 15 दिनों के भीतर यात्री को एकत्रित राशि वापस करने के लिए सभी प्रयास करेगी। यदि वित्तीय संकट के कारण एयरलाइंस ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं, तो वे एकत्र किए गए किराये की राशि के बराबर यात्री को क्रेडिट शेल प्रदान करेंगे। यह क्रेडिट शेल उस यात्री के नाम से जारी किया जाएगा, जिसने टिकट बुक किया है। यात्री अपनी पसंद के किसी भी मार्ग पर 31 मार्च, 2021 तक क्रेडिट शेल का इस्तेमाल करने में सक्षम होगा।'' केंद्र ने कहा कि क्रेडिट शेल के उपभोग में देरी होने पर यात्री को क्षतिपूर्ति देने के लिए इंसेन्टिव मैकेनिज्म होगा, जैसे 30 जून, 2020 तक टिकट रद्द होने की तारीख से,क्रेडिट शेल के मूल्य (पहले ली गई टिकट के मूल्य) में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केडिट शेल के मूल्य (पहले ली गई टिकट के मूल्य) में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केडिट शेल के मूल्य (पहले ली गई टिकट के मूल्य) में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। हलफनामे में आगे कहा गया है, ''इसके बाद, क्रेडिट शेल के मूल्य को मार्च 2021 तक प्रति माह अंकित मूल्य के 0.75 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा। क्रेडिट शेल ट्रांसफर भी किया जा सकेगा। यात्री क्रेडिट शेल किसी भी व्यक्ति को ट्रांसफर कर सकता है, और एयरलाइंस इस तरह के ट्रांसफर का सम्मान करेगी। एयरलाइंस इस तरह के ट्रांसफर की सुविधा के लिए एक मैकेनिज्म तैयार करेगी। वहीं मार्च 2021 के अंत तक एयरलाइन क्रेडिट शेल धारक को नकद वापस कर देगी।'' केंद्र ने कहा कि यह समाधान व्यावहारिक है, क्योंकि यह यात्रियों के साथ-साथ एयरलाइंस के हितों को संतुलित करता है। उन्होंने इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट से इसके कार्यान्वयन के लिए एक उपयुक्त आदेश पारित करने का आग्रह भी किया। एक उपयुक्त आदेश पारित करने का आग्रह भी किया। सरकार का दृष्टिकोण बहुत संतुलित है, क्योंकि क्रेडिट शेल का समय भी 31 मार्च, 2021 तक बढ़ाया गया है। यात्री टिकट बुकिंग के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं और क्रेडिट शेल न लेने पर मामूली ब्याज के साथ पूरा रिफंड मिलेगा और यह वास्तव में एक स्वागत योग्य कदम है।'

## सरकार अगरबत्ती बनाने वाले 6500 कारीगरों को देगी ऑटोमेटिक मशीनें, बढ़ेगी कमाई

**नई दिल्ली।**

मोदी सरकार ने ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत अगरबत्ती बनाने कारीगरों के लिए एक खास प्रोग्राम का ऐलान किया था। जिसके बाद प्रोग्राम के तहत लाभर्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। प्रोग्राम की नई गाइडलाइंस के मुताबिक, इसकी कुल साइज 2.66 करोड़ से बढ़कर 55 करोड़ तक पहुंच गई है। इससे करीब 6500 कारीगरों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे पहले मात्र 500 कारीगरों को लाभ मिलने का अनुमान था। बता दें कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमिशन इस योजना को लागू कर रही है। केंद्र सरकार 2.20 करोड़ रुपए की लागत से 2 सेंटर्स ऑफ एक्सेलेंस बनाएगी और इसे में बनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में फ्लेवर और फ्रेगरेंस डेवलपमेंट सेंटर भी बनाया जाएगा। इन सेंटर्स पर प्रोडक्ट के सभी पहलुओं पर काम किए जाएंगे, जिसमें फ्रेगरेंस में इनोवेशन और पैकेजिंग से लेकर कच्चे माल के लिए अन्य विकल्पों और दोबार इस्तेमाल होने वाले फूलों आदि पर काम होगा। पैकेजिंग से लेकर कच्चे माल के लिए अन्य विकल्पों और दोबार इस्तेमाल होने वाले फूलों आदि पर काम होगा। कृषि मंत्रालय की ओर से बांस सप्लाइ की मदद कराई जाएगी। मंत्रालय के स्कीम ऑफ फंड फॉर रीजेनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज स्कीम के तहत 10 क्लस्टर्स बनाये जाएंगे। इसे बनाने में करीब 50 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। सरकार को उम्मीद है कि इससे करीब 5 हजार कारीगरों को मदद मिल सकेगी और उससे कमाई पहले की तुलना में बेहतर होगी। इस प्रोग्राम के तहत मशीन मैन्युफैक्चरिंग को भी बढ़ावा मिलेगा। 4 सितंबर 2020 को मंत्रालय ने कहा कि पहले की योजना के तहत अगरबत्ती बनाने के लिए 200 ऑटोमेटिक मशीनें उपलब्ध कराया जाना था। अब इसकी संख्या बढ़ाकर 400 तक कर दी गई है।

इसके अलावा पांव से संचालित होने वाली 500 मशीनों सेल्फ हेल्प ग्रुप्स को मुहैया कराई जानी है। मंत्रालय का कहना है कि इससे करीब 1500 कारीगरों की कमाई बढ़ाने में मदद मिलेगी। मशीनों के लिए उन लोगों को वरीयता दी जाएगी, जो हाथ से ही अगरबत्ती बनाते हैं या प्रवासी मजदूर हैं।इन कारीगरों को तात्कालिक रूप से 3.45 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे।

## एजीआर के बकाए का टुकड़ों में भुगतान का फैसला अच्छा, मोबाइल दरों में वृद्धि जरूरीः वोडा आइडिया

**नई दिल्ली।**

संकट में फंसी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) ने उच्चतम न्यायालय द्वारा ऑपरेटरों को समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का बकाया चुकाने के लिए 10 साल का समय देने के फैसले को अंततः एक अच्छा नतीजा बताया है। हालांकि, इसके साथ ही वोडाफोन आइडिया का मानना है कि मोबाइल शुल्कों में बढ़ोतरी जरूरी है, तभी दूरसंचार कंपनियां टिक सकेंगी और मुनाफे की स्थिति में लौट सकेंगी। वोडाफोन आइडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रविंदर टक्कर ने सोमवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्व में कंपनी शुल्क बढ़ाने से नहीं हिचकिचाती थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नियामक और सरकार को न्यूनतम दर की अधिकतम सीमा तय करने के लिए कदम उठाना चाहिए।

वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने पिछले सप्ताह इक्विटी और ऋण के जरिए 25,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना को मंजूरी दी है। इससे कंपनी को परिचालन में बने रहने में मदद मिलेगी। इस राशि से नकदी संकट से जूझ रही दूरसंचार कंपनी को बड़ी राहत मिल सकेगी। कंपनी को जहां भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है वहीं उसके ग्राहकों की संख्या घट रही है तथा प्रति ग्राहक औसत राजस्व (एआरपीयू) नीचे आ रहा है। इसके अलावा कंपनी पर करीब 50,000 करोड़ रुपए का एजीआर का बकाया है। इससे पहले इसी महीने उच्चतम न्यायालय ने दूरसंचार कंपनियों को एजीआर के बकाए का भुगतान दस साल में करने की अनुमति दी है। इसकी शुरुआत अगले वित्त वर्ष से होगी। हालांकि, कंपनियों को 10 प्रतिशत बकाया का भुगतान इसी वित्त वर्ष में करना होगा। टक्कर ने कहा, ''10 साल में भुगतान न्यायालय के फैसले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अलावा 10 प्रतिशत का शुरुआती भुगतान करना होगा, जो कंपनी पहले ही दूरसंचार विभाग को अदा कर चुकी है। ऐसे में न्यायालय के फैसले के अनुरूप हमें पहला भुगतान मार्च, 2022 में करना होगा। यह दस साल के भुगतान की पहली किस्त होगी।

## जीडीपी में 23.9 प्रतिशत की गिरावट चिंताजनक, नौकरशाही के लिए अर्थपूर्ण कदम उठाने का समय : राजन

**बिजनेस डेस्क।**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 23.9 प्रतिशत की गिरावट को चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा है कि नौकरशाही को अब आत्मसंतोष से बाहर निकलकर कुछ अर्थपूर्ण कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट के दौरान एक अधिक विचारवान और सक्रिय सरकार की जरूरत है। राजन ने कहा, ''दुर्भाग्य से शुरुआत में जो गतिविधियां एकदम तेजी से बढ़ी थीं, अब फिर ठंडी पड़ गई हैं। राजन ने अपने लिंक्डइन पेज पर पोस्ट में लिखा है, ''आर्थिक वृद्धि में इतनी बड़ी गिरावट हम सभी के लिए चेतावनी है। भारत में जीडीपी में 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। (असंगठित क्षेत्र के आंकड़े आने के बाद यह गिरावट और अधिक हो सकती है)। वहीं कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित देशों इटली में इसमें 12.4 प्रतिशत और अमेरिका में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि इतने खराब जीडीपी आंकड़ों की एक अच्छी बात यह हो सकती है कि अधिकारी तंत्र अब आत्मसंतोष की स्थिति से बाहर निकलेगा और कुछ अर्थपूर्ण गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। राजन फिलाहल शिकॉगो विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत में कोविड-19 के मामले अब भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में रेस्तरां जैसी सेवाओं पर विवेकाधीन खर्च और उससे जुड़ा रोजगार उस समय तक निचले स्तर पर रहेगा, जब तक कि वायरस को नियंत्रित नहीं कर लिया जाता। राजन ने कहा कि सरकार संभवतः इस समय अधिक कुछ करने से इसलिए बच रही है, ताकि भविष्य के संभावित प्रोत्साहन के लिए संसाधन बचाए जा सकें। उन्होंने राय जताई कि यह आत्मघाती रणनीति है। एक उदाहरण देते हुए राजन ने कहा कि यदि हम अर्थव्यवस्था को मरीज के रूप में लें, तो मरीज को उस समय सबसे अधिक राहत की जरूरत होती है जबकि वह बिस्तर पर है और बीमारी से लड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''बिना राहत या सहायता के परिवार भोजन नहीं कर पाएंगे, अपने बच्चों को स्कूल से निकल लेंगे और उन्हें काम करने या भीख मांगने भेज देंगे। अपना सोना गिरवी रखेंगे। ईएमआई और किराये का भुगतान नहीं करेंगे। ऐसे में जब तक बीमारी को नियंत्रित किया जाएगा, मरीज खुद ढांचा बन जाएगा। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने कहा कि अब आर्थिक प्रोत्साहन को 'टॉनिक के रूप में देखें। ''जब बीमारी समाप्त हो जाएगी, तो मरीज तेजी से अपने बिस्तर से निकल सकेगा लेकिन यदि मरीज की हालत बहुत ज्यादा खराब हो जाएगी, राजन ने कहा कि वाहन जैसे क्षेत्रों में हालिया सुधार वी-आकार के सुधार (जितनी तेजी से गिरावट आई, उतनी ही तेजी से उबरना) का प्रमाण नहीं है। उन्होंने कहा, ''यह दबी मांग है।

## देश को मिला अंतरराष्ट्रीय समर्थन, चीन छोड़कर भारत आईं एप्पल की 8 फैक्ट्रियां

**नई दिल्ली।**

पूर्वी लद्दाख में चीन की हिमाकत का जवाब देने के लिए भारत ने जो कुछ भी किया है, उसे अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया समेत सभी बड़े देशों का साथ मिला है। केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत में कहा कि भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है। एप्पल की 8 फैक्ट्रियां चीन छोड़कर भारत आ चुकी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चीन के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसिक कदम को अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जब लद्दाख में चीन के साथ तनाव पैदा हुआ, तो हमारे पीएम मजबूती से खड़े रहे और यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से कभी कोई समझौता नहीं करेगा। भारत के इस साहसिक रुख को विश्व स्तर पर अमेरिका, ब्रिटेन और जापान साथ मिला। बता दें कि गलवान घाटी में 15 जून को हुई झड़प के बाद से पैंगोंग झील इलाके में यथास्थिति में बदलाव करने की चीन की कोशिश की वजह से एक बार फिर तनाव पैदा हो गया है। दोनों देशों के बीच तनाव को घटाने के लिए चुशूल सेक्टर में कई बार ब्रिगेड कमांडर स्तर की बातचीत हुई, जिसका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर भारतीय सैनिक पूरी तरह से सतर्क हैं और किसी भी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। भारतीय सैनिकों की सक्रियता से बौखलाए चीन ने भी इस क्षेत्र में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने के साथ ही टैंक और टैंक रोधी मिसाइलों की तैनाती कर दी है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत एक बड़े मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के रूप में उभर रहा है ।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## बटलर के तूफान में उड़ा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड ने जीती सीरीज

**साउथम्पटन ।** ओपनर हुए विकेटकीपर जोस बटलर की नाबाद 77 रन की तूफानी पारी के दम पर इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में एकतरफा अंदाज में छह विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान आरोन फिंच की 40 रन की पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन बटलर की मात्र 54 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों से सजी नाबाद 77 रन की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। बटलर को उनकी मैच विजयी पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इंग्लैंड ने पहला मुकाबला मात्र दो रन से जीता था लेकिन दूसरे मैच में मेजबान टीम पूरी तरह हावी रही। बटलर के अलावा डेविड मलान ने 32 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 42 रन और मोईन अली ने पांच गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 13 रन ठोके। बटलर और मलान ने दूसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी में फिंच के अलावा मार्कस स्टॉयनिस ने 35, ग्लेन मैक्सवेल ने 26 और एश्टन अगर ने 23 रन बनाये। इंग्लैंड की तरफ से क्रिस जॉर्डन ने 40 रन पर दो विकेट लिए।

भारतीय महिला हॉकी टीम

# आखिरी लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचना हैः हॉकी खिलाड़ी



**बेंगलुरू।**

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर नेहा गोयल ने सोमवार को कहा कि 2019 में शानदार सफलता के बाद टीम का आखिरी लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक में पदक जीत कर इतिहास रचना है। ओलंपिक 2020 का आयोजन इसी साल होना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण उसे अगले साल के लिए टाल दिया गया। हॉकी इंडिया से जारी बयान में नेहा ने कहा, 'इस समय हमारा ध्यान सिर्फ तोक्यो ओलंपिक पर है। हम पिछले कुछ महीनों से अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अगले कुछ महीनों में अपने खेल में बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, 'एफआईएच महिला सीरीज फाइनल्स जीतने के साथ एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफाइंग को जीतकर तोक्यो ओलंपिक का टिकट हासिल करने से हमारे लिए 2019 शानदार रहा। इस 23 साल की खिलाड़ी ने कहा, 'हाल के वर्षों में हमने शीर्ष टीमों के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है जिससे तोक्यो में इतिहास बनाने को लेकर हमारा भरोसा बढ़ा है। हमारा आखिरी लक्ष्य यही है। भारत के 75 मैच खेलने वाली नेहा अभी भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरु केन्द्र में चल रहे राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा हैं। यह शिविर 30 सितंबर तक चलेगा। नेहा ने कहा कि हॉकी में करियर बनाने के लिए उन्हें बचपन से काफी संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह वास्तव में कठिन था। जब मैं पांचवीं कक्षा में थी, तब मैंने हॉकी खेलना शुरू किया था। मेरी मां हमें पर्याप्त भोजन करने के लिए दिन-रात मेहनत करती थी। ऐसे में मेरे उपकरणों के लिए कुछ पैसे बचाना बहुत मुश्किल था। भारत की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को अपनी प्रेरणा मानने वाली नेहा ने कहा, 'बचपन में अखबार में उनकी फोटो देखकर मैं स्थानीय मैदान में उनका खेल देखने जाती थी। उन्होंने मुझ से एक दिन मैदान आने का कारण पूछा तब मैंने कहा कि मैं भी खेलना चाहती हूं।% उन्होंने कहा, 'चूंकि मेरे माता-पिता मेरे लिए हॉकी का सामान नहीं खरीद सकते थे, प्रीतम दीदी ने मुझे सामान उपलब्ध कराया और मुझे अपने खेल में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उसके समर्थन के बिना इस स्तर पर नहीं पहुंच पाती।

## ट्रिनबागो ने जीते सभी लीग मैच, जमैका, सेंट लूसिया और गयाना भी सेमीफाइनल में पहुंचे

**पोर्ट ऑफ स्पेन।**



ट्रिनबागो नाइटराइडर्स ने सेंट कीट्स एवं नेविस पैट्रियट को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के लीग चरण में अपने सभी मैच जीतने का रिकार्ड आखिर तक कायम रखा। ट्रिनबागो ने अपने सभी दस मैच जीते और वह अंकतालिका में शीर्ष पर रहा। गयाना अमेजॉन वारियर्स, सेंट लूसिया जॉक्स और जमैका तल्लावालाह सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अन्य टीमें हैं। पहला सेमीफाइनल ट्रिनबागो और चौथे स्थान की टीम जमैका के बीच जबकि दूसरा सेमीफाइनल गयाना और सेंट लूसिया के बीच खेला जाएगा। अपने मुख्य मैच विजेता सुनील नारायण के बिना खेल रहे ट्रिनबागो ने सेंट कीट्स एवं नेविस को 19 ओवर में 77 रन पर ढेर कर दिया और फिर 11.3 ओवर में एक विकेट खोकर जीत हासिल की।

एक अन्य मैच में सेंट लूसिया ने जमैका को 11 रन से हराया। सेंट लूसिया ने नजीबुल्लाह जादरान के 35 तथा रोस्टन चेज (नाबाद 32) और रकीम कार्नवॉल (32) के उपयोगी योगदान से छह विकेट पर 145 रन बनाए। जमैका की टीम इसके जवाब में नौ विकेट पर 134 रन ही बना पायी। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 49 रन बनाये। सेंट लूसिया के लिये जावेल ग्लेन और जाहिर खान ने तीन-तीन विकेट लिए।

## खिलाड़ी के कोविड-19 पॉजीटिव पाए जाने के बाद काउंटी मैच रद्द



**लंदन ।** नार्थम्पटनशर के एक खिलाड़ी के कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाए जाने के बाद इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप का चार दिवसीय क्रिकेट मैच रद्द कर दिया गया। इस खिलाड़ी के घातक वायरस से संक्रमित पाए जाने की खबर पता चलने के बाद नार्थम्पटनशर और ग्लूस्टरशर के बीच ब्रिस्टल में चल रहा बॉब विलिस ट्राफी का मैच रविवार को पहले दिन ही समाप्त घोषित कर दिया गया। खिलाड़ी की पहचान उजागर नहीं की गई है। यह खिलाड़ी नार्थम्पटनशर की ब्रिस्टल पहुंची टीम का हिस्सा नहीं था क्योंकि वह अपने परीक्षण के परिणाम का इंतजार कर रहा था और घर में पृथकवास पर था। लेकिन उसमें कोविड-19 के लक्षण पाये जाने से पहले तक पिछले 48 घंटों के अंदर कुछ खिलाड़ी उसके संपर्क में आए थे। नार्थम्पटनशर ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'खिलाड़ियों के हित को देखते हुए ग्लूस्टरशर, नार्थम्पटनशर और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के बीच बॉब विलिस ट्राफी का मैच समाप्त घोषित करने का फैसला किया गया। पहले दिन लंच से ठीक पहले पता चला कि नार्थम्पटनशर का एक खिलाड़ी कोविड-19 के लिये पॉजीटिव पाया गया है, जिसके बाद यह फैसला किया गया।

# शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सोमवार से अभ्यास शुरू करेंगे, साइ ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली ।**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने कोविड-19 के कड़े दिशानिर्देशों के अंतर्गत हैदराबाद स्थित पुलेला गोपीचंद अकादमी में राष्ट्रीय बैडमिंटन शिविर को मंजूरी दे दी जिससे शीर्ष एकल खिलाड़ी जैसे साइना नेहवाल और किदाम्बी श्रीकांत सोमवार से अभ्यास शुरू कर देंगे।

शिविर 27 सितंबर तक जारी रहेगा जो 26 खिलाड़ियों के थॉमस और उबर कप की तैयारियों के लिये आयोजित किया जा रहा है जो तीन अक्टूबर से डेनमार्क के आरहस में शुरू होंगे। साइना, साई प्रणीत, पी कश्यप, श्रीकांत (सभी एकल), सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी तथा सात कोच, चार सहयोगी स्टाफ और तीन 'स्पारिंग जोड़ीदार इस शिविर का हिस्सा होंगे। महामारी के मौजूदा हालात को ध्यान में रखते हुए सभी खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ को कोविड-19 के लिये अनिवार्य आरटी-पीसीआर परीक्षण से गुजरना होगा जिसके बाद वे हैदराबाद की यात्रा शुरू करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार उन्हें अकादमी में तभी अनुमति दी जायेगी जब वे अपनी कोविड-19 नेगेटिव रिपोर्ट का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। साइ ने कहा, 'एक बार वे अकादमी में पहुंच जायेंगे तो उन्हें पृथकवास में रखा जायेगा और छठे दिन फिर उनकी जांच की जायेगी। कोविड-19 परीक्षण के दूसरे दौर के बाद ही उन्हें कोर्ट में खेलने की अनुमति दी जायेगी। साइ की सहायक निदेशक डाक्टर मोनिका को अकादमी में खिलाड़ियों और स्टाफ को जरूरी एहतियात बरतने की प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करने के लिए भेजा गया है। साइ ने कहा कि 27 अगस्त को सभी के साथ हुई बैठक के बाद फिर से एक बैठक करायी गयी जिसके बाद ही शिविर लगाने का फैसला किया गया। राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा, 'मैं खुश हूं कि साइ और भारतीय बैडमिंटन संघ ने जल्द से जल्द खेल गतिविधियां शुरू करना सुनिश्चित करने में सक्रिय रहे हैं।



मैं खुश हूं कि यह शिविर शुरू हो रहा है क्योंकि थॉमस और उबर कप महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं और मुझे उम्मीद है कि हम वहां कुछ अच्छे नतीजे हासिल करेंगे। श्रीकांत ने भी इस कदम का स्वागत किया और कहा, ''मैं शिविर में वापसी करने और फिर से खेलना शुरू करने से खुश हूं।

### संक्षिप्त समाचार



## मैनचेस्टर सिटी के 2 खिलाड़ी पाए गए कोरोना वायरस पॉजिटिव, क्वारंटाइन हुए

**मैनचेस्टर ।** मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल टीम के दो खिलाड़ी रियाद माहरेज और एमेरिक लापोर्टे कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए हैं। खिलाड़ियों में हालांकि इस संक्रमण के लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं और वे पृथकवास से गुजर रहे हैं। सिटी ने कहा, 'क्लब में सभी रियाद और एमेरिक के ट्रेनिंग और नए सत्र में लौटने के लिए जल्दी से उबरने की कामना करते हैं। सिटी अपने सत्र की शुरुआत 21 सितंबर को वोल्वरहैम्पटन वांडरर्स के खिलाफ करेगा। टीम को अगस्त में चैंपियन्स लीग क्वार्टर फाइनल में हिस्सा लेने के बाद शुरुआती सप्ताहांत में ब्रेक दिया गया है।

## पीजीए टूर गोल्फः डस्टिन जॉनसन ने टूर चैंपियनशिप में पांच शॉट की बढ़त बनाई



**अटलांटा।** डस्टिन जॉनसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को छह अंडर 64 का कार्ड खेला और पीजीए टूर गोल्फ चैंपियनशिप में पांच शॉट की बढ़त हासिल की। जॉनसन इससे फेडएक्स कप और डेढ़ करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि से केवल एक दौर दूर रह गए हैं। जॉनसन का कुल स्कोर अब 19 अंडर है। उनके बाद जस्टिन थामस और जेंडर शॉफेले का नंबर आता है। थॉमस ने तीसरे दौर में चार अंडर 66 और शॉफेले ने तीन अंडर 67 का कार्ड खेला। ये दोनों अभी 14 अंडर पर हैं। जॉन रहम ने भी चार अंडर का कार्ड खेला और तीसरे दौर के बाद वह 13 अंडर पर हैं।

## कोविड-19 महामारी के चलते थाईलैंड थॉमस और उबेर कप से हटा

**बैंकॉक।** थाईलैंड बैडमिंटन महासंघ ने बताया कि कोविड-19 महामारी की चिताओं के कारण शीर्ष खिलाड़ियों के नाम वापस लेने के बाद उसने थॉमस और उबेर कप से हटने का फैसला किया है। महासंघ ने कहा कि पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन, मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज डेचापोल पुवारनुख्रोव एवं सैपसीरी तेरतानाचाई की जोड़ी के अलावा कुछ अन्य खिलाड़ियों के हटने के बाद उसने डेनमार्क में तीन से 11 अक्टूबर तक होने वाले टीम टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। थाइलैंड बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लेवास्वदर्कुल ने कहा, 'खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य हमेशा से हमारी प्राथमिकता रही है। हम खिलाड़ियों के फैसले का सम्मान करते हैं। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने पिछले महीने कहा था कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बदलाव के बावजूद भी थॉमस और उबेर कप फाइनल्स को डेनमार्क के आरहूस में खेला जाएगा।

## निहाल सरीन बेंटर ब्लिट्ज़ शतरंज के फाइनल मे पहुँचने से चूके

**नई दिल्ली ।** भारत के 16 वर्षीय ग्रांड मास्टर और भविष्य के सितारे कहे जा रहे निहाल सरीन नें एक बार फिर शानदार प्रतिभा का परिचय देते है बेंटर ब्लिट्ज़ कप शतरंज मे मात्र 3 मिनट के तेज मुक़ाबले मे जोरदार खेल दिखाया । हालांकि वह मेगनस कार्लसन टूर के लिए चयनित होने से चूक गए । लगातार जीत दर्ज करते हुए निहाल फाइनल मे पहुँचने की दहलीज पर थे पर प्ले ऑफ मे उन्हे दिग्गज अमेरिकन ग्रांड मास्टर सैम शंकलंद के 4.5-3.5 से पराजय का सामना करना पड़ा । निहाल नें इससे पहले फ्रांस के लौरेंट फेसिनेट को 5-3 से और जर्मनी के अलेक्ज़ेंडर दोनचेंकों 4.5-2.5 से मात देते हुए प्ले ऑफ के अंतिम चरण के लिए जगह बनाई थी । प्ले ऑफ के अंतिम चरण के लिए जगह बनाई थी । प्ले ऑफ के अंतिम चरण के लिए जगह बनाई थी । जीतने के बाद सैम नें निहाल के लिए कहा आप शानदार खेले यह मुश्किल जीत थी शानदार भविष्य आपका इंतेजार कर रहा है।

# पर्थ की बजाय ब्रिस्बेन या एडिलेड में हो सकता है भारतीय सीरीज का आगाज



**मेलबर्न।**

भारतीय क्रिकेट टीम का इस साल के आखिर में आस्ट्रेलिया दौरा पर्थ के बजाय एडिलेड या ब्रिस्बेन से शुरू हो सकता है क्योंकि पश्चिम आस्ट्रेलिया की प्रांतीय सरकार ने साफ किया है कि उनके राज्य में पृथकवास के नियमों में किसी तरह की भी ढील नहीं दी जाएगी। दरअसल, एक क्रिकेट वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार एडिलेड ओवल भारत के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैचों की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इनमें दिन रात्रि टेस्ट मैच भी शामिल है। इसके अलावा अगर विक्टोरिया में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) बॉक्सिंग डे टेस्ट का आयोजन नहीं कर पाता है तो इसकी मेजबानी भी एडिलेड को सौंपी जा सकती है। भारत और आस्ट्रेलिया के खिलाड़ी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग लेने के बाद सीधे यहां पहुंचेंगे। यूएई में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी हुई है । रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम आस्ट्रेलिया प्रांतीय सरकार के प्रधानमंत्री मार्क मैकगोवान ने कहा, 'हमें यह स्वीकार नहीं है कि टीम विदेश के उच्च जोखिम वाले क्षेत्र से आकर पृथकवास में गए बिना सामान्य अभ्यास गतिविधियों में हिस्सा ले और फिर मैच खेलने के लिये अन्य राज्यों में जाए। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) की शुरुआती योजना के अनुसार इंग्लैंड के दौरे पर गई आस्ट्रेलियाई टीम और भारतीय टीम को पहले पर्थ में प्रवेश करना था। श्रृंखला से पहले दोनों टीमों को पृथकवास के नियमों में ढिलायी के बीच पर्थ में अभ्यास करना था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीए से पृथकवास के दौरान जैव सुरक्षित वातावरण में अभ्यास की अनुमति देने का आग्रह किया है जो पर्थ में संभव नहीं है। भारत का आस्ट्रेलिया दौरा सीमित ओवरों की श्रृंखला (टी20) से शुरू हो सकता है जिसके बाद चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। सीए के प्रवक्ता ने कहा, 'हम पश्चिम आस्ट्रेलिया सरकार की पृथकवास और सीमा संबंधी व्यवस्था पर कड़े नियमों को स्वीकार करते हैं। आस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ब्रिटेन से लौटने के बाद पर्थ में पृथकवास पर नहीं रहेगी।

## केकेआर के मेंटर डेविड हसी का बड़ा बयान, आईपीएल में दोहरा शतक लगा सकता है ये खिलाड़ी

**अबु धाबी ।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के मेंटर डेविड हसी का मानना है कि टीम के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अगर नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने आते हैं तो वह आईपीएल में दोहरा शतक भी लगा सकते हैं। रसेल केकेआर के महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम के लिए कई मैच विजयी पारी खेली है। टीम के मेंटर हसी का मानना है कि अगर रसेल आईपीएल में तीसरे नंबर पर खेलने उतरे तो वह दोहरा शतक भी जड़ सकते हैं। आईपीएल का आयोजन 19 सितंबर से 10 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होना है। हसी से प्रेस वार्ता में जब यह पूछा गया कि क्या रसेल आईपीएल में शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने उतर सकते हैं, इस पर उन्होंने कहा, ''हां, क्यों नहीं। अगर इससे टीम को फायदा पहुंचता है और हम मैच जीत सकते हैं तो ऐसा करने में कोई दिक्कत नहीं है। अगर रसेल नंबर तीन पर उतरते हैं और 60 गेंदें खेलते हैं तो वह शायद दोहरा शतक भी जड़ सकते हैं। रसेल के रहते कुछ भी मुमकिन है। वह टीम के मजबूत खिलाड़ियों में से एक हैं। मेंटर ने कहा कि इंग्लैंड के सीमित ओवर के कप्तान और केकेआर के बल्लेबाज इयोन मोर्गन के इंग्लैंड के लिए कप्तानी के अनुभव का फायदा टीम को मिलेगा और उम्मीद की जा सकती है कि वह टीम के कप्तान दिनेश कार्तिक के अच्छे साझेदार साबित होंगे। वह टीम के कप्तान दिनेश कार्तिक के अच्छे साझेदार साबित होंगे। उन्होंने कहा कि रसेल, कार्तिक और मोर्गन टीम के तीन शीर्ष बल्लेबाजों में से हैं।

## नेशन्स लीगः स्पेन ने उक्रेन को 4-0 से हराया, फाति बने युवा स्कोरर



**मैड्रिड।** सात सितंबर (एपी) स्पेन की नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान उक्रेन पर 4-0 की एकतरफा जीत के दौरान किशोर अंसु फाति अपने देश की तरफ से गोल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। फाति ने रविवार को खेले गये मैच में 32वें मिनट में अपनी टीम के लिये तीसरा गोल किया। इस तरह से वह 17 साल 311 दिन की उम्र में गोल करने वाले सबसे युवा स्पेनिश फुटबॉलर बन गए। पिछला रिकार्ड जुआन एराजाक्विन के नाम पर था जिन्होंने 1925 में 18 साल 344 दिन की उम्र में गोल किया था। इससे पहले सर्गियो रामोस ने तीसरे मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल किया था। उन्होंने 29वें मिनट में हेडर से गोल करके टीम की बढ़त दोगुनी कर दी थी। स्पेन की तरफ से चौथा ओर अंतिम गोल 84वें मिनट में फेरेन टोरेस ने किया। इस बीच स्विट्जरलैंड ने जर्मनी को 1-1 से रोककर नेशन्स लीग में उसका पहली जीत का इंतजार बढ़ा दिया। ग्रुप चार में अब स्पेन चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि जर्मनी के दो और स्विट्जरलैंड का एक अंक है।

# KXIP के लिए खेलेगा तिहरा शतक लगा चुका धमाकेदार बल्लेबाज, टीम इंडिया में वापसी का इंतजार



**स्पोर्ट्स डेस्क ।**

वीरेंद्र सहवाग के बाद टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले करुण नायर शायद एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं। नायर ने तीसरे टेस्ट में ही यह मुकाम हासिल कर लिया था और ये मैच उन्होंने 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। हालांकि 2016 के बाद से ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में खेलने का मौका नहीं मिला है और वह अभी भी वापसी की उम्मीद में हैं। नायर ने एक मीडिया हाउस से बातचीत के दौरान कहा, भारत से आने वाले हर एक खिलाड़ी के लिए आईपीएल एक बड़ा मंच है। मुझे जो भी अवसर मिलेंगे, मैं उस दौरान किंग्स इलेवन को मैच जीतने में मदद करने के रूप में देख रहा हूं। अगर मैं लगातार अच्छा करता हूं तो अवसर आएंगे। उन्होंने कहा, मैं बस एक मैच और एक अवसर के इंतजार में हूं। उन्होंने आगे कहा, उनके (कुंबले) आसपास होने पर वास्तव में मैं बहुत खुश हूं। जब मुझे भारत के लिए पदार्पण करने का मौका मिला था तो वह कोच थे। जब वह कोच थे तब भी मैं अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम था। इसलिए केवल सकारात्मक चीजों के के बारे में बात करूंगा। यह नया साल और नया सीजन है इसलिए हमारे लिए अच्छी तरह से तैयार रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी लंबे समय तक नहीं खेले हैं और फिर सीधे मैदान में दौड़ रहे हैं। यह नया साल और नया सीजन है इसलिए हमारे लिए अच्छी तरह से तैयार रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि हम सभी लंबे समय तक नहीं खेले हैं और फिर सीधे मैदान में दौड़ रहे हैं। गौर हो कि नायर ने फर्स्ट क्लास में 48 की औसत और 6 टेस्ट मैचों की 7 पारियों में 62 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। हालांकि उन्हें मौका नहीं मिल पाया। वह 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम का हिस्सा थे लेकिन उनकी जगह हनुमा विहारी को मौका मिला। खिलाफ टेस्ट टीम का हिस्सा थे लेकिन उनकी जगह हनुमा विहारी को मौका मिला। आईपीएल 2020 में वह केएल राहुल की कप्तानी में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# दुनिया की कोरोना कैपिटल बना भारत, पर मोदी मोर को दाना खिला रहे हैं: सुरजेवाला



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले 40 लाख के पार चले जाने के बाद सोमवार को कहा कि भारत दुनिया का कोरोना कैपिटल बन गया है और इससे कारगर ढंग से निपटने में विफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जवाब देना चाहिए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने सरकार से यह सवाल भी किया कि कोरोना पर नियंत्रण कैसे पाया जाएगा और डूबती अर्थव्यवस्था को कैसे उबरा जाएगा? उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मोदी जी ने कहा था, महाभारत का युद्ध 18 दिन चला था। कोरोना से युद्ध जीतने में 21 दिन लगेंगे। 166 दिन बाद भी समूचे देश में कोरोना महामारी की महाभारत छिड़ी है, लोग मर रहे हैं, पर मोदी जी मोर को दाना खिला रहे हैं। कोरोना से युद्ध तो जारी है, पर सेनापति नदारद हैं। सुरजेवाला ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, भारत आज दुनिया की कोरोना कैपिटल बन गया है। कोरोना महामारी के संक्रमण में भारत दुनिया में अब दूसरे स्थान पर है। पिछले 24 घंटे में भारत में कोरोना संक्रमण के 90,633 मामले आए हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया, 29 दिन में भारत में कोरोना संक्रमण के मामले 20 लाख से बढ़कर 40 लाख हो गए। विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले दिनों में कोरोना संक्रमण और भी खतरनाक हो सकता है। 30 नवंबर कोरोना संक्रमण के मामले 1 करोड़ हो सकते हैं। 30 दिसंबर तक कोरोना संक्रमण के मामले बढ़कर 1.40 करोड़ हो सकते हैं। कोरोना होने वाली मौतों की संख्या 1,75,000 तक बढने् की आशंका व खतरा है। उन्होंने आरोप लगाया, बगैर सोचे, बगैर समझे, बगैर विचार विमर्श के मात्र तीन घंटे के नोटिस पर लागू किए गए।

लॉकडाउन से कोरोना महामारी रुकी नहीं, बल्कि इसने देश की अर्थव्यवस्था व लोगों के रोजगार की कमर पूरी तरह से तोड़ दी। इसका कारण यह प्रधानमंत्री की विफल नेतत्व है।

# वर्तमान हालात में बीएसएफ की भूमिका बेहद अहम : राकेश अस्थाना



**जम्मू।**

बीएसफ के महानिदेशक राकेश अस्थाना ने रविवार को कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि हमारे पड़ोसी देश भारत के खिलाफ योजना बना रहे हैं। इस बयान को लद्दाख में चीन-भारत सीमा पर जारी गतिरोध और पाकिस्तान द्वारा लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन के संदर्भ में देखा जा रहा है।

बीएसएफ की ओर से रविवार रात को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को जम्मू पहुंचे अस्थाना ने दौरे के समापन के तीसरे दिन नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास राजौरी और पुंछ जिलों के अग्रिम रक्षा स्थलों (एफडीएल) का दौरा कर वहां की वर्तमान परिस्थितियों का जायजा लिया बल के पालौरा कैंप में सैनिक सम्मेलन को संबोधित करने हुए बीएसएफ प्रमुख ने चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, यह हम सभी के लिए बेहद नाजुक समय है क्योंकि हमारे दोनों पड़ोसी देश हमारे खिलाफ योजना बना रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम भारत की रक्षा में सबसे अग्रिम पंक्ति में हैं इसलिए हमारी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विज्ञप्ति के मुताबिक, दौरे के तीसरे दिन महानिदेशक को राजौरी सेक्टर मुख्यालय के उप महानिरीक्षक आईडी सिंह और एलओसी पर तैनात फील्ड कमांडरों द्वारा परिचालन संबंधी तैयारियों और वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी गई।

## कोरोना काल में 169 दिनों बाद फिर पटरी पर दौड़ी दिल्ली मेट्रो

**नेशनल डेस्क।** कोरोना वायरस के कारण 169 दिनों से बंद दिल्ली मेट्रो फिर से पटरी पर लौट आई है। सोमवार यानि 7 सितंबर को सुबह दिल्ली में एक बार फिर से मेट्रो सेवा शुरू हुई, हालांकि यह शुरुआत केवल येलो लाइन (हुडा सिटी सेंटर से समयपुर बादली) पर हो रही है। सुबह 7 बजे हुडा सिटी सेंटर से समयपुर बादली के लिए मेट्रो रवाना हुई। मेट्रो में सफर करने के नियम काफी सख्त हैं और लोगों को जरूरत पड़ने पर ही इसका इस्तेमाल करने को कहा गया है। 'येलो लाइन दिल्ली के समयपुर बादली को गुडगांव के हुडा सिटी सेंटर से जोड़ती है। गृह मंत्रालय ने हाल ही देश में चरणबद्ध तरीके से मेट्रो सेवाएं बहाल करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके बाद दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने कहा था कि वह सात से 12 सितंबर के बीच तीन चरणों में सेवाएं बहाल करेगा। एक अधिकारी ने बताया कि इसके तहत, 'येलो लाइन या 'लाइन 2 और 'रैपिड मेट्रो की सेवाएं कुछ सीमित घंटों के लिए बहाल की गई हैं। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में मेट्रो सुबह के वक्त चार घंटे यानि कि 7 बजे से 11 बजे तक और शाम को चार घंटे यानि शाम 4 से रात 8 बजे तक चलेगी। शाम को चार घंटे यानि शाम 4 से रात 8 बजे तक चलेगी। कोरोना महामारी के कारण में मेट्रो सेवाएं 22 मार्च से बंद थीं। ने लोगों से अतिआवश्यक होने पर ही मेट्रो का इस्तेमाल करने की अपील की है।

## डोडा में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़, एक पीका गन मिली

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में रविवार को आतंकवादियों के एक भूमिगत ठिकाने का भंडाफोड़ करके वहां से पीका गन बरामद की गई। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। डोडा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुमताज अहमद ने बताया कि इस ठिकाने का भंडाफोड़ स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा ठाठरी उप मंडल के चिराला वनक्षेत्र स्थित गोडू गांव में एक तलाशी अभियान के दौरान किया गया। अधिकारी ने बताया,''बरामद हथियार जंग लगा हुआ है जिससे यह संकेत मिलता है कि यह एक पुराना ठिकाना था जिसका इस्तेमाल जिले में एक दशक से अधिक समय पहले सक्रिय आतंकवादियों द्वारा किया जाता था। ''बरामद हथियार जंग लगा हुआ है जिससे यह संकेत मिलता है कि यह एक पुराना ठिकाना था जिसका इस्तेमाल जिले में एक दशक से अधिक समय पहले सक्रिय आतंकवादियों द्वारा किया जाता था। उन्होंने कहा कि ठिकाने का पता एसओजी द्वारा विकसित सटीक गुप्तचर सूचना के चलते चला। उन्होंने कहा कि अभियान करीब 24 घंटे पहले शुरू किया गया था लेकिन इसमें किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ठाठरी पुलिस थाने में कानून की प्रासंगिक धाराओं में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# 'सोनू सूद जी मेरा पैर कट गया है जुड़वा दीजिए' फिर सोनू सूद ने किया कुछ ऐसा..

**देवास।**

'हैलो सोनू सूद सर, मेरा एक पैर कट गया हैं, क्या मैं अब कभी चल पाऊंगा, क्या आप सहयोग करेंगे, कुछ ही घंटों में सोनू सूद का जवाब आया- मेरी सुबह की शुरुआत आपकी नई टांग से होगी, चल भाई नई टांग लगवाते हैं,आपकी' ये जो अभी आपने पढ़ा ये कोई कहानी नहीं बल्कि हकीकत है। दरअसल देवास में रहने वाले शख्स दीपेश गोस्वामी का पैर कट गया था, लेकिन उसके पास कृतिम पैर लगवाने के पैसे नहीं थे, जिसके चलते उसने बॉलिवुड अभिनेता सोनू सूद को ट्वीट कर मदद मांगी, जिसके जवाब में सोनू सूद ने दीपेश का कृतिम पैर लगवा दिया। यूं तो रील लाइफ में हीरो कई आपने देखे होंगे, लेकिन रियल लाइफ में लोगों की मदद करके अपना एक अलग स्थान बनाने वाले सोनू सूद ने एक और बड़ी मदद करने का उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया है। दरअसल देवास के विजय नगर में रहने वाले एक युवा दीपेश गिरी गोस्वामी का 22 फरवरी को बाइक से आते वक्त देवास में ही एक्सीडेंट हो गया था।

जिसमें उसका दाहिना पैर कट गया था। इसके बाद युवक दीपेश ने अपना उपचार तो करवाया, लेकिन उसकी इतनी हैसियत नहीं थी, कि वह नया पैर लगवा सके। दीपेश एक कंपनी में कंसल्टेंसी का काम करता था, और उसके पिता फैक्ट्री में वर्कर हैं। एक्सिडेंट के बाद दीपेश को जॉब भी छोड़ना पढ़ा और वो बेरोज़गार हो गया। इस घटना के बाद युवक दीपेश ने अभिनेता सोनू सूद को 21 अगस्त को ट्वीट करके मदद मांगी, जिसके कि कुछ घंटे बाद ही सोनू सूद ने रीट्वीट कर युवक की मदद की बात करते हुए लिखा, 'मेरी सुबह की शुरुआत आपकी नई टांग से होगी चल भाई नई टांग लगवाते हैं, आपकी' युवक दीपेश ने अपने नया पैर लगवाने के लिए मदद की गुहार लगाई थी।

# मुंबई में सुबह-सुबह हुई झमाझम बारिश, लोगों को मिली उमस से राहत



**नेशनल डेस्क।**

मुंबई के कुछ हिस्सों और निकटवर्ती इलाकों में देर रात और सोमवार सुबह गरज के साथ छींटे पड़ने के साथ मध्यम से लेकर भारी बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि शहर में पिछले कुछ दिनों में बारिश न होने की वजह से तापमान और उमस बढ़ गई थी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई में सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में 31.21 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं पूर्वी उपनगरों और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 10.58 मिमी और 4.35 मिमी बारिश दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि इससे लोकल ट्रेन और बस सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं क्योंकि शहर में कहीं भी पानी नहीं भरा है। अधिकारी ने भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के हवाले से बताया कि शहर और उसके उपनगरों में शाम या रात को आंशिक रूप से बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। ढ्ढरूष्ठ के मुंबई केन्द्र के उप महानिदेशक के. एस. होसालिकर ने कहा, ''तड़के जोरदार बिजली कड़क रही थी। पूरे कोंकण क्षेत्र में घने बादल छा गए। तटीय क्षेत्र में अगले तीन-चार घंटे यह स्थिति बने रहने की संभावना है।

# जायरीनों के लिए खोली गई हजरत निजामुद्दीन दरगाह, की गई विशेष व्यवस्था

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रसिद्ध हजरत निजामुद्दीन दरगाह को रविवार को जायरीनों के लिए खोल दिया गया। यह दरगाह कोरोना वायरस महामारी के कारण बीते पांच महीने से बंद थी। दरगाह खुलने के बाद सीमित संख्या में लोगों ने सूफी संत की जियारत की। दरगाह की देखभाल करने वालों ने बताया कि दरगाह खुलने के बाद सूफी संत हजरत निजामुद्दीन औलिया की जियारत करने वालों में केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी शामिल रहे। उन्होंने बताया कि मंत्री ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए दरगाह की ओर से किए गए उपायों की सराहना की। दरगाह की देखभाल करने वालों में शामिल नाजिम निजामी ने बताया कि दरगाह परिसर में हजरत निजामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरों की कब्रें हैं। इनको प्लास्टिक की शीट से कवर कर दिया गया है ताकि लोग जियारत करते वक्त इन्हें छुए नहीं क्योंकि ऐसा करने से लोगों को संक्रमण लग सकता है। दरगाह के आंगन में भीड़ को जुटने से रोकने के लिए शाम में होने वाली सूफी संत को समर्पित कव्वाली को भी थोड़े वक्त के लिए स्थगित कर दिया गया है। निजामी ने कहा, दरगाह खुलने के पहले दिन सीमित संख्या में जायरीन आए और हम उनका अच्छी तरह से प्रबंध कर सके। सुबह में जायरीनों की संख्या ज्यादा थी जो दोपहर में कम हुई लेकिन शाम में फिर बढ़ गई। उन्होंने बताया कि लोगों ने सेनेटाइजर का इस्तेमाल, मास्क लगाना और एक-दूसरे से दूरी बनाने जैसे विभिन्न सुरक्षा उपायों का पालन किया।

# कोरोना के डर से बच्चों को टीके लगवाने में देरी कर रहे हैं माता-पिता, खतरे में कई जिंदगियां



**नई दिल्ली।**

कोरोना वायरस के डर से माता-पिता अपने बच्चों को समय पर टीके नहीं लगवा रहे हैं। बाल रोग चिकित्सकों का कहना है कि यह चिंता का विषय है क्योंकि टीकों का समय पर न लगना बच्चों के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि माता-पिता को अपने बच्चों को समय पर टीके लगवाने चाहिए, विशेषकर एक साल से छोटे बच्चों को...। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित फोर्टिस अस्पताल के बाल रोग विभाग के निदेशक डॉ. राहुल नागपाल ने कहा, कल मेरे पास एक ऐसा मामला आया, जिसमें माता-पिता अपने बच्चे का पोलियो संबंधी टीकाकरण कराने के लिए तीन महीने की देरी से आए थे। कई ऐसे टीके हैं, जिन्हें आप बाद में नहीं लगा सकते। जैसे कि रोटावायरस का टीका, जिसकी आखिरी खुराक सात महीने के अंदर ही दी जा सकती है। मेडिएर अस्पताल के बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉ. विनीत कवात्रा ने बताया कि वैश्विक महामारी शुरू होने के तीन-चार महीने बाद तक काफी कम मरीज थे क्योंकि लोगों को वायरस की चपेट में आने का डर था और लॉकडाउन भी लागू था। क्वात्रा ने कहा, माता-पिता अब भी बहुत संकोच कर रहे हैं और टीका लगवाने में अनावश्यक रूप से देरी कर रहे हैं। कई ऐसे टीके होते हैं, जिन्हें छह सप्ताह, 10 सप्ताह और 14 सप्ताह के भीतर लगवाना होता है। इसके लिए महीनों या उससे अधिक इंतजार नहीं किया जा सकता। टीकाकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए क्वात्रा ने बताया कि बच्चे के एक साल का होने के अंदर ही सभी महत्वपूर्ण टीके लगाए जाते हैं और ये बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, जिनमें देरी नहीं की जा सकती। एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सकीय निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा, यह सच है कि जा रहा। हमारा अस्पताल कोविड केन्द्र होने की वजह से लोग अस्पताल आने से डर रहे हैं। बाकी बीमारियों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। हमारा अस्पताल कोविड केन्द्र होने की वजह से लोग अस्पताल आने से डर रहे हैं। यहां तक कि निजी चिकित्सकों ने भी अपने क्लिनिक बंद कर दिए हैं क्योंकि उन्हें भी संक्रमण की चपेट में आने का डर है।

## कंगना रनौत विवाद पर संजय राउत ने दी सफाई, बोले- महिलाओं के सम्मान के लिए हमेशा लड़ती रहेगी शिवसेना

**नई दिल्ली।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और शिवसेना सांसद संजय राउत के बीच जारी वाकयुद्ध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच आज शिवसेना नेता संजय राउत ने बिना किसी का नाम लिए सफाई देते हुए एक ट्वीट किया है। संजय राउत ने ट्वीट किया कि शिवसेना हिंदुत्व की विचारधारा वाली पार्टी है। उन लोगों को महिलाओं का सम्मान करना सिखाया जाता है। संजय राउत ने कहा कि शिवसेना छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप जैसे हिंदुओं के आदर्श विचारधारा का अनुसरण करती है। उन्होंने हमें महिलाओं का सम्मान करना सिखाया है। हालांकि, कुछ लोग यह अफवाह फैला रहे हैं कि शिवसेना ने महिलाओं का जानबूझकर अपमान किया है। लेकिन जो लोग इस तरह के आरोप लगा रहे हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वह मुंबई और मुंबई की मुंबा देवी का अपमान कर रहे हैं। शिवसेना महिलाओं की गरिमा के लिए लड़ती रहेगी। शिवसेना के महान सुप्रीमों ने भी हमें यही सिखाया है। इससे पहले संजय राउत ने रविवार को मांग की कि अभिनेत्री कंगना रनौत मुम्बई और महाराष्ट्र के खिलाफ अपने बयानों के लिए माफी मांगें। रनौत ने हाल ही में मुम्बई की तुलना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से की थी। राउत से पूछा गया कि रनौत के ट्वीट को लेकर टीवी चैनल पर उन्होंने उनके विरूद्ध जो टिप्पणी की थी, क्या वह उसके लिए माफी मांगेगे, तब उन्होंने कहा, जो भी यहां रहता है और काम करता है, यदि वह मुम्बई और महाराष्ट्र के बारे में अशोभनीय बातें करता है तो मैं कहूंगा कि पहले वह माफी मांगे। रनौत ने हाल ही में ट्वीट किया था, मुम्बई पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर जैसा महसूस हो रहा है? उन्होंने एक सितंबर की एक खबर भी टैग किया था।

## संक्षिप्त समाचार



## जल शक्ति विभाग के कर्मियों का प्रदर्शन, मांगों पर गौर न किया गया तो बंद कर दी जाएगी पेयजल आपूर्ति

**कठुआ।** पी.एच.ई. यूनाइटेड फ्रंट के बैनर तले जल शक्ति विभाग के कर्मियों ने कार्यालय परिसर में अपनी मांगों को लेकर सोमवार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग एवं सरकार की नीतियों की भी आलोचना करते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। कर्मियों ने कहा कि अगर पंद्रह दिनों के भीतर उनकी मांगों पर गौर न किया गया तो पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। कर्मियों में प्रिंस सिंह सहित अन्य कर्मियों ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर उनके साथ अन्याय कर रही है। विभाग में वे लोग पिछले दो दशकों से काम कर रहे हैं लेकिन न तो उन्हें नियमित किया जा रहा है और न ही वेजिस समय पर दी जा रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में वे अपने परिवार का खर्च तक नहीं चला पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग दिन रात उनसे काम ले रहा है लेकिन जब हक देने की बारी आती है तो उनकी अनदेखी कर दी जाती है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मियों ने सीधे तौर पर कहा कि अगर पंद्रह दिनों के भीतर सरकार ने कोई नीति न बनाई या फिर उनकी मांगों को पूरा करने का कोई प्रयास न किया तो इसके विरोध में आंदोलन तेज कर दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने आईईडी बरामद की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने सोमवार सुबह आईईडी बरामद कर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोपोर-कुपवाड़ा मार्ग पर दुर्गमुल्ला इलाके में सुरक्षा बलों के एक संयुक्त गश्ती दल ने रेत की बोरी से एक आईईडी बरामद की। उन्होंने बताया कि आईईडी निश्चित तौर पर आतंकवादियों ने सड़क पर सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाने के लिए रखा थी। अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक बल ने मौके पर पहुंच आईईडी को निष्क्रिय कर किसी भी तरह का नुकसान होने से रोक दिया।

## दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी, बब्बर खालसा इंटरनेशनल के 2 आतंकी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नेशनल डेस्क।** दिल्ली पुलिस की विशेष सेल ने मुठभेड़ के बाद आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो आतंकवादियों को यहां से गिरफ्तार किया है। विशेष सेल के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों की पहचान भूपेंदर उर्फ दिलावर सिंह तथा कुलवंत सिंह के रूप में हुई है जो पंजाब के लुधियाना के निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से छह पिस्तौल और 40 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक ये दोनों आतंकी पंजाब में कई मामलों में वांटेड हैं। खालिस्तान को लेकर पिछले कुछ दिनों में गतिविधियां तेज हो गई हैं। जुलाई में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस ने खालिस्तान की मांग के लिए रेफरेंडम 2020 के तहत वोट रजिस्ट्रेशन के लिए एक कनाडाई पोर्टल दिल्ली बनाएगा खालिस्तान डॉट इन लॉन्च किया था। तब सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। वहीं इससे पहले दिले ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पिछले महीने इस्लामिक स्टेट के एक आतंकी को भी गिरफ्तार किया था।

## नीतीश्वर कुमार बने जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल के प्रधान सचिव

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने रविवार को उत्तर प्रदेश काडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नीतीश्वर कुमार को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा का प्रधान सचिव नियुक्त किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि 1996 बैच के आईएएस अधिकारी को केंद्र शासित प्रदेश में प्रतिनियुक्ति मिली थी जिसके बाद उन्हें उप राज्यपाल का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। कुमार ने 1192 बैच के आईएएस अधिकारी बिपुल पाठक का स्थान लिया है जिन्हें सूचना तकनीकी विभाग में प्रधान सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कोरोना मामले में अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर पहुंचा भारत, देश में कोरोना मरीज 42 लाख पार

**नेशनल डेस्क।** देश में कोरोना की विकरालता थमने का नाम नहीं ले रही है और इसके प्रकोप के बढ़ते रफ्तार का अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि दो दिनों से लगातार 90 हजार से अधिक मामले सामने आये हैं हालांकि राहत की बात यह भी है कि इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या भी करीब 70 हजार अथवा इससे अधिक के औसत पर बनी हुई है। इससे पहले रविवार को देश भर में कोरोना संक्रमण के 90,632 मामले आए थे। संक्रमितों की संख्या 42 लाख से अधिक होने के बाद इस महामारी से प्रभावित देशों की सूची में भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। अमेरिका में संक्रमितों का आंकड़ा अभी 62,75,643 पर पहुंच गया है जबकि तीसरे स्थान पर ब्राजील में यह संख्या 41,37,521 है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 90,802 नए मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 42,04,613 हो गया। इसी अवधि में 69,564 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिससे कोरोना से मुक्ति पाने वालों की संख्या 32,50,429 हो गई है। स्वस्थ होने वालों की तुलना में संक्रमण के नए मामले अधिक होने से सक्रिय मामले 20,222 बढ़कर 8,82,542 हो गए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 1,016 संक्रमितों की मौत होने से मृतकों की संख्या 71,642 हो गई। देश में सक्रिय मामले 20.99 प्रतिशत और रोगमुक्त होने वालों की दर 77.31 प्रतिशत है जबकि मृत्यु दर 1.70 प्रतिशत है।

# चीन ने लिया बदला- अमेरिकी पत्रकारों पर लगाया नया प्रतिबंध



**बीजिंग।**

अमेरिका के प्रतिबंधों से चिढ़े चीन ने आखिर अपना बदला दिखा ही दिया और अमेरिकी मीडिया संगठनों के कुछ पत्रकारों के लिए प्रेस मान्यता के पूर्ण नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। खबरों के मुताबिक अमेरिका में काम कर रहे चीनी संवाददाताओं को वाशिंगटन की तरफ से निशाना बनाए जाने के जवाब में यह कदम उठाया गया है। दोनों देश की तरफ से उठाए जा रहे कदम खराब होते अमेरिका-चीन के रिश्ते दर्शाते हैं जो दशकों में अपने सबसे निचले स्तर पर गिर गए हैं अटलांटा स्थित सीएनएन ने अपनी वेबसाइट पर एक खबर में कहा कि उसके चीन संवाददाता डेविड कल्वर का नाम उन पत्रकारों में शामिल है जिन्हें विदेश मंत्रालय द्वारा जारी अपनी प्रेस मान्यता के नवीनीकरण के लिए आवेदन देते वक्त नयी व्यवस्था के बारे में बताया गया। सीएनएन ने कहा कि उन्हें आमतौर पर मिलने वाले एक साल के प्रेस कार्ड की बजाय अगले दो महीने तक रिपोर्टिंग कर सकने का अधिकार देते हुए एक पत्र दिया गया। उन्हें बताया गया कि यह कदम उनकी रिपोर्टिंग से जुड़ा हुआ नहीं है बल्कि चीनी मीडिया के प्रति ट्रंप प्रशासन के कदमों की प्रतिक्रिया है। चीनी विदेश मंत्रालय से तत्काल इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। सीएनएन और द न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी कि अन्य अमेरिकी मीडिया को भी निशाना बनाया गया है। चीन ने यह कदम तब उठाया है जब अमेरिका ने कुछ चीनी मीडिया द्वारा चीनी नागरिकों को नियुक्त किए जाने की संख्या सीमित कर 100 कर दी और सभी को 90 दिन का वीजा दिया है।

# जापान में तबाही के बाद दक्षिण कोरिया की ओर बढ़ा चक्रवाती तूफान 'हाइशेन

**टोक्यो।**

जापान में तबाही मचाने के बाद शक्तिशाली चक्रवाती तूफान दक्षिण कोरिया की ओर बढ़ रहा है। जानकारी के अनुसार जापान में लगभग एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार शक्तिशाली चक्रवाती तूफान आया जिसमें कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, लगभग पांच लाख घरों की बिजली गुल हो गई तथा दक्षिण जापान द्वीपों में 20 लोग इसकी चपेट में आने से घायल हो गए। यहां तबाही मचाने के बाद तूफान सोमवार को दक्षिण कोरिया की ओर बढ़ गया। तूफान गुजर जाने के बाद दक्षिण जापान में यातायात अब भी ठप पड़ा है। बुलेट ट्रेनें निलंबित हैं, सोमवार को भी दक्षिण पश्चिम जापान में आने-जाने वाली घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी कि तूफान के उत्तर दिशा में बढ़ने के बावजूद तेज हवाएं चल सकती हैं और तेज बारिश आ सकती है सोमवार सुबह चक्रवाती तूफान 'हाइशेन 144 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार के साथ दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्वी तट के नजदीक पहुंच गया। चीनी भाषा में 'हाइशेन का अर्थ 'समुद्री देवता होता है। 'हाइशेन दूसरा शक्तिशाली तूफान है जो दक्षिण जापान से होकर कोरिया प्रायद्वीप की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले आए तूफान 'मयस्क ने घरों और अन्य इमारतों को क्षतिग्रस्त किया था और इसकी चपेट में आने के कारण कई लोग घायल हो गए थे।



# इराक के बगदाद एयरपोर्ट पर आतंकियों ने दागे रॉकेट, 4 कारें क्षतिग्रस्त



**बगदाद।**

इराक की राजधानी बगदाद के एयरपोर्ट पर आतंकियों के राकेट हमले में वहां खड़ी 4 कारें क्षतिग्रस्त हो गई। हमले के बाद इराकी सेना ने हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। हमले में किसी के मरने की खबर नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक रविवार शाम को बगदाद हवाई अड्डे पर रॉकेट दागे गए। ये राकेट बगदाद सिटी सेंटर के पश्चिम में अबू गरीब इलाके से किए गए थे, जो हवाई अड्डे से टकराए। राकी जॉइंट ऑपरेशन कमांड ने कहा कि हवाई अड्डे में दागे गए रॉकेटों में से एक पार्किंग एरिया में जा गिरा जिससे वहां खड़ी चार कारें क्षतिग्रस्त हो गई। किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की अब तक जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि आतंकी संगठन पिछले काफी समय से बगदाद एयरपोर्ट, इराकी सैन्य ठिकानों, अमेरिकी सैनिक ठिकानों और अमेरिकी दूतावास को हमले करते आ रहे हैं। इसके लिए बार-बार उन पर मोर्टार और रॉकेटों से हमला किया जाता है।

# इसी हफ्ते से आम जनता के लिए उपलब्ध होगी कोरोना वैक्सीन !

**इंटरनेशनल डेस्क।**

कोरोना वायरस महामारी के संकट से जूझ रही दुनिया के लिए वैक्सीन को लेकर राहत की खबर है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रूस इसी हफ्ते से कोरोना वायरस वैक्सीन स्पूतनिक-वी को आम जनता के लिए उपलब्ध कराने जा रहा है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 11 अगस्त को इस वैक्सीन को लॉन्च किया था। रूसी न्यूज एजेंसी त्रस्स के मुताबिक शियन एकेडमी ऑफ साइंस के डिप्टी डायरेक्टर डेनिस लोगुनोव ने बताया कि स्पूतनिक-वी वैक्सीन को स्वास्थ्य मंत्रालय की अनुमति के बाद व्यापक उपयोग के लिए जारी किया जाएगा। मंत्रालय इस वैक्सीन का टेस्ट कुछ दिनों में शुरू करने जा रहा है और हम जल्द इसकी अनुमति हासिल कर लेंगे। गौरतलब है कि इस वैक्सीन को मॉस्को के गामलेया रिसर्च इंस्टिट्यूट ने रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर एडेनोवायरस को बेस बनाकर तैयार किया है। लोगुनोव ने कहा कि नागरिक उपयोग के लिए वैक्सीन के बैच को अधिकृत करने की एक निश्चित प्रक्रिया है। इसे मेडिकल वॉचडॉग की गुणवत्ता जांच पास को करना होगा। 10 से 13 सितंबर के बीच नागरिक उपयोग के लिए वैक्सीन के बैच को जारी करने की अनुमति प्राप्त मिलेगी। इसके बाद वैक्सीन को आम लोगों के लिए जारी कर कर दी जाएगी। वैक्सीन का वितरण रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय की देखरेख में किया जाएगा। लोगुनोव ने आगे कहा कि वैक्सीन के आगे कहा कि वैक्सीन के वितरण में ऐसे लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी जो उच्च-जोखिम वाले समूह में आते हैं। वहीं, द लांसेट मेडिकल जर्नल द्वारा प्रकाशित परिणामों के अनुसार, शुक्रवार को स्पूतनिक-वी ने सभी प्रतिभागियों में एंटीबॉडी प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में सफल रही है।

## जापान, ईरान और इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके

**इंटरनेशनल डेस्क।** भूकंप के तेज झटकों से जापान, ईरान और इंडोनेशिया के लोगों में दहशत फैल गई। जापान के आईबराकी प्रीफेक्चर में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण केंद्र के अनुसार जापान के आईबराकी प्रीफेक्चर में रिक्टर पैमाने पर 5.1 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। केंद्र के मुताबिक भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 34 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र 36.7 डिग्री उत्तर अक्षांश और 141.6 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 20 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। इस बीच भूकंप के मद्देनजर सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। ईरान के गोनबाद-ए कावस में रविवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण केंद्र के अनुसार गोनबाद-ए कावस से तीन किलोमीटर दूर पश्चिमी दिशा में रिक्टर पैमाने पर 5.1 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। केंद्र के मुताबिक भूकंप ग्रीनविच मीन टाइम के अनुसार रात नौ बजकर 34 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र 37.252 डिग्री उत्तर अक्षांश और 55.1327 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से उत्तर अक्षांश और 55.1327 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

# बलूचों की पहचान मिटाने पर तुला पाकिस्तान, ब्रेनवॉश कर बना रहा आतंकी

**पेशावर।**

पाकिस्तान अपने दोस्त चीन के नक्शेकदम पर चलते हुए बलूच नागरिकों की पहचान मिटाकर उन्हें आंतकी बनाने में जुटा हुआ है। जिस तरह चीन उइगर मुसलमानों को मिटाने पर तुला है उसी तरह अब पाकिस्तान बलूचिस्तान में बलूच संस्कृति और पहचान को मिटाने की कोशिश कर रहा है। यहां पर पाकिस्तान आर्मी ने चीन की तरह डिटेंशन कैंपों का निर्माण किया है जिसमें आत्मसमर्पण करने वाले बलूच उग्रवादियों का जमात ए इस्लामी जैसे कट्टर संगठन ब्रेन वॉश करते हैं। यहां इन उग्रवादियों की बलूच पहचान को खत्म कर उन्हें धार्मिक देशभक्त बनाया जाता है। ठीक ऐसा ही काम चीन भी शिनजियांग के उइगुर मुसलमानों के साथ करता है। बलोची में दरपेश का मतलब उजाला होता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस सेंटर में दिसंबर 2018 से मार्च 2019 तक 50 बलोच उग्रवादी रखे गए थे। दूसरा बैच 128 उग्रवादियों का था जिसे अप्रैल-जुलाई 2019 के बीच प्रशिक्षित किया गया। पाकिस्तानी सेना इन उग्रवादियों के ब्रेनवाश के लिए हरकत उल मुजाहिद्दीन और जैश ए मोहम्मद के पैतृक संगठन जमात ए इस्लामी का सहारा लेता है। जमात ए इस्लामी कट्टरवाद को फैलाने और नए आतंकी संगठनों को पैदा करने का काम करता है। इसके आतंकी पाकिस्तान सेना के इन शिविरों में जाकर आत्मसमर्पण कर चुके उग्रवादियों का ब्रेन वॉश करते हैं। जिससे ये उग्रवादी बलूचिस्तान की मांग छोड़ पाकिस्तान के आतंकी एजेंडे पर चलने लगते हैं। बता दें कि बाजवा को लेकर हाल में ही एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें उनपर सीपीईसी प्रोजक्ट का चेयरमैन रहते घोटाला करने और अरबों की दौलत बनाने का आरोप लगा है। बाजवा के परिवार ने उनके सेना में रहने के दौरान और फैक्ट फोकस की रिपोर्ट के मुताबिक बाजवा और उनके परिवार का यह आर्थिक साम्राज्य 4 देशों में फैला हुआ है।

# विश्व में कोरोना से 2,69 करोड़ से अधिक संक्रिमत व मौतों की संख्या 880,000 के पार, ब्रिटेन में हालात खराब



**इंटरनेशनल डेस्क।**

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण से दुनियाभर में हुई कुल मौतों का आंकड़ा रविवार को 880,000 को पार कर गया। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 880,779 हो गई है जबकि इस महामारी से संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 2,69,51,838 पहुंच गया है। कोरोना वायरस संक्रमण के मामले में अमेरिका सबसे बुरी तरह प्रभावित है और यहां अबतक 6,262,989 संक्रमित मामले सामने आए हैं जबकि 188,711 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। ब्रिटेन में कोरोना से हालात खराब होते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 2988 नए मामले सामने आए हैं जोकि 22 मई को आए 3,287 मामलों के बाद अबतक की सर्वाधिक दैनिक वृद्धि दर्ज की गई है। स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल विभाग ने रविवार को बताया कि कोरोना वायरस से कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 347,152 हो गई है जबकि इस महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 41,551 पहुंच गई है। ब्रिटेन के राजनीतिक गलियारों में रविवार को प्रकाशित हुई आधिकारिक रिपोट ने हलचल मचा दी जिसके मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकॉक ने स्वीकार किया कि ''कोरोना के बढ़ते मामले, चितां का विषय हैं। हैनकॉक ने कहा कि अधिकांश नए मामल युवाओं में पाए गए हैं और ऐसे में उनसे गुजारिश है कि वह अपने घर के बड़े बुजुर्गों को यह संक्रमण फैलने न दे। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 119 नए मामले सामने आए हैं जिससे कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 21,296 हो गई है। दक्षिण कोरिया स्वास्थ्य विभाग के रोग नियंत्रण एवं निवारण केंद्र ने सोमवार को बताया कि यह लगातार पांचवा दिन है जब देश में कोरोना के 200 से कम मामले सामने आए हैं। केंद्र ने कहा, ''07 सितंबर को कुल संक्रमित मामलों की संख्या 21,296 है जिनमें 16,297 मामलों को अलगाव केंद्र से छुट्टी मिल गई है और अब 108 नए स्थानीय मामले, 11 नए आयतित मामले और दो मौतें शामिल हैं। दक्षिण कोरिया में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 336 हो गई है। ब्राजील में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण के 14,500 से अधिक नए मामले सामने आए हैं वहीं इस दौरान 447 मौतें हुई हैं।

स्वास्थ्य मंत्रलाय ने बताया कि ब्राजील में कोरोना वायरस संक्रमण की संख्या 14,521 नए मामले आने के साथ 4,137,521 हो गई है। ब्राजील में कोरोना से हुई कुल मौतों का आंकड़ा बढ़कर 126,650 हो गया है। यहां अबतक 33 लाख से अधिक कोरोना के मरीज संक्रमणमुक्त हो चुके हैं।

## कोविड-19 टीकों की खरीद और आपूर्ति का नेतृत्व करेगा UNICEF

**इंटरनेशनल डेस्क।** कोविड-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में टीका उपलब्ध होने के बाद संभवतः अपनी तरह के सबसे बड़े और तेज अभियान में संयुक्त राष्ट्र बाल कोष कोरोना वायरस के टीकों की खरीद और आपूर्ति का नेतृत्व करेगा। इस अभियान के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जब यह टीका उपलब्ध हो तो सभी देशों को सुरक्षित, तेजी से और उचित रूप से टीके की प्रारंभिक खुराकें हासिक हो सके। दुनिया का सबसे बड़ा एकल टीका खरीदार है जो सालाना 100 देशों की ओर से नियमित टीकाकरण और संक्रमण रोकने के लिए दो अरब से ज्यादा टीकों की खरीद करता है। यूनिसेफ, रिवॉवल्विंग फंड ऑफ द पैन अमेरिका हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से कोविड-19 टीकों की खरीद और खुराक की आपूर्ति कोवैक्स ग्लोबल वैक्सिन फैसिलिटी की तरफ से 92 निम्न और निम्न मध्यम आय वाले देशों के लिए करेगा। यूनिसेफ ने बताया कि यह संगठन 80 उच्च आय वाले देशों की खरीद को समर्थन देने के लिए खरीद समन्वयक के रूप में भी काम करेगा। इन देशों ने कोवैक्स फैसिलिटी में हिस्सा लेने का इरादा जाहिर किया है और ये सभी अपने बजट से टीके का प्रबंध करेंगे। टीके की खरीद और वितरण प्रयास में 170 से ज्यादा देश शामिल हैं और यह अपनी तरह का दुनिया का सबसे बड़ा और तेज अभियान हो सकता है। कार्यकारी निदेशक हेनरिटा फोर ने कहा कि यह सरकारों, उत्पादनकर्ताओं और बहुपक्षीय सहयोगियों के बीच साझेदारी के जरिए कोविड-19 महामारी के खिलाफ बड़ी लड़ाई जारी रखने का हिस्सा है। यूनिसेफ यह प्रयास विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, द बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर करेगा।

# पाकिस्तानी पत्रकार का खुलासा- मुशर्रफ ने देश को लूटकर लंदन,

**इस्लामाबाद।**

दूसरों की मदद पर पल रहे देश पाकिस्तान की गरीब जनता जहां रोजी -रोटी को मोहताज हो चुकी है वही एक-एक करके अब देश को लूटकर अरबों की दौलत बनाने वाले सैन्य अधिकारियों की पोल खुलती जा रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहायक असीम बाजवा के बाद अब पूर्व सेना प्रमुख और राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के बारे में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के एक पत्रकार अहमद नूरानी ने जनरल परवेज मुशर्रफ की अरबों की संपति का खुलासा करते हुए बताया कि मुशर्रफ को उनकी रिटायरमेंट पर दो करोड़ रुपए मिले थे लेकिन उन्होंने लंदन और संयुक्त अरब अमीरात में 20-20 करोड़ रुपए दो फ्लैट खरीदे। नूरानी ने अपनी वेबसाइट फैक्ट फोकस पर जारी रिपोर्ट में ब्रिटेन और यूएई के दस्तावेजों के हवाले से बताया कि मुशर्रफ ने लंदन में 13 मई 2009 को करीब 20 करोड़ रुपए में फ्लैट खरीदा था। यही नहीं इसी वित्तीय वर्ष में मुशर्रफ ने में भी करीब 20 करोड़ पाकिस्तानी रुपए का फ्लैट खरीदा था। मजेदार बात यह है कि इसी साल उन्हें सेना से रिटायरमेंट के बाद मात्र 2 करोड़ रुपये का वित्तीय लाभ दिया गया था। पाकिस्तान के चुनाव आयोग के पास वर्ष 2013 में दाखिल किए गए दस्तावेजों में कहा गया है कि मुशर्रफ ने सेना से रिटायर होते समय मिले घर या अपनी एक भी जमीन को बेचा नहीं था। जनरल मुशर्रफ वर्ष अप्रैल 2009 में न्यायपालिका की बहाली के बाद देश छोड़कर चले गऐ थे। उन्होंने लंदन के आलीशान हाइड पार्क इलाके में फ्लैट खरीदा था। इसके अलावा उन्होंने दुबई में भी आलीशान इलाके में 20 करोड़ रुपये का फ्लैट खरीदा है। जनरल मुशर्रफ की इस संपत्ति के खरीद के मामले पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के पास काफी समय से लंबित हैं। पाकिस्तानी सेना के बल पर सत्ता में आए इमरान खान ने पूर्व पीएम नवाज शरीफ को लंदन से वापस लाने के लिए अपना जोर लगा दिया है लेकिन पूर्व सेना प्रमुख मुशर्रफ के खिलाफ कार्रवाई के लिए उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। वहीं मुशर्रफ के प्रवक्ता दावा करते हैं कि पूर्व जनरल ने भाषण देकर पैसा कमाया है। इससे पहले आय से अधिक संपत्ति के मामले में इमरान खान के लाडले पूर्व सैन्य प्रवक्ता जनरल असीम सलीम बाजवा भी फंस गए हैं। बाजवा ने अरबों रुपये के भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद अंततः पीएम के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया लेकिन इमरान ने उसे स्वीकार नहीं किया है। पाकिस्तानी सेना और चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर के अध्यक्ष पद पर रहते हुए जनरल बाजवा पर अरबों रुपये की दौलत बनाने का आरोप लगा है। बाजवा ने अभी करीब 60 अरब डॉलर के परियोजना के चेयरमैन पद से इस्तीफा नहीं दिया है। जनरल बाजवा पर चार देशों में 99 कंपनियां और 133 पापा जॉन पिज्जा के रेस्त्रां बनाने का आरोप है। असीम सलीम बाजवा की अरबों की संपत्ति का खुलासा करने वाले पत्रकार नूरानी को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पाकिस्तानी पत्रकार अहमद नूरानी ने ट्वीट कर कहा कि पिछले कुछ घंटों में मुझे 100 से ज्यादा मैसेज आए हैं ।

जिसमें नूरानी ने कहा कि वे धमकियां देने वाले अकाउंट्स के बारे में सब जानते हैं। फिर भी पाकिस्तान की फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और साइबर क्राइम विंग हमेशा इन अपराधियों के साथ खड़े रहे हैं। फिर भी पाकिस्तान लौटने के कुछ दिन बाद मैं फिर फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के पास जाऊंगा।

## संक्षिप्त समाचार



### पाकिस्तानी युवती का दावा- ट्रंप हैं मेरे पिता, मां से अक्सर करते थे लड़ाई

**इंटरनेशनल डेस्क।** पाकिस्तान की युवती ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक चौंकाने वाला बयान देकर दुनिया भर में सनसनी मचा दी है। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक लड़की का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें यह पाकिस्तानी युवती दावा कर रही है कि अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप उसके पिता हैं। पाकिस्तानी युवती मीडिया से बातचीत दौरान कह रही हैं कि डोनाल्ड ट्रंप उसके असली पिता हैं और अब वो अपने पिता से मिलना चाहती है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर लोग युवती का मजाक उड़ा रहे हैं और कह रहे हैं कि ये सब सिर्फ पाकिस्तान में ही संभव है। वायरल वीडियो में युवती कह रही है, मैं सबके दिमाग में साफ करना चाहती हूं कि मैं डोनाल्ड ट्रंप की सगी औलाद हूं, मैं मुसलमान हूं और अंग्रेजों के साथ जो अंग्रेज आते हैं वो मुझे देखते ही कहते हैं कि ये लड़की यहां क्या कर रही है। मैं इस्लाम पसंद हूं, मैं अमन पसंद हूं। डोनाल्ड ट्रंप हमेशा मेरी मां को कहता था कि तुम लापरवाह हो, तुम मेरी बेटी की केयर नहीं कर सकती। जब मेरे मां-बाप की लड़ाई हुई थी उस वक्त मैं बहुत दुखी हुई थी। अब मैं अपने पिता ट्रंप से मिलना चाहती हूं। बता दें कि ये वीडिया ऐसे समय में वायरल हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नवंबर महीने में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में व्यस्त हैं। ट्रंप ने तीन शादियां की हैं और पहली दो पत्नी से उनका तलाक हो चुका है।

### ट्रंप के समर्थन में निकाली जा रही जल-परेड दौरान 5 नौकाएं डूबी

**लॉस एंजलिस।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में निकाली जा रही जल-परेड के दौरान पांच नौकाएं डूब गईं। ट्रैविस काउंटी शेरिफ कार्यालय की क्रिस्टन डार्क के अनुसार ट्रम्प की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के समर्थन में शनिवार को ऑस्टिन के पश्चिम में स्थित एक झील पर परेड निकाली जा रही थी, जिसमें दर्जनों नौकाएं शामिल थीं। इन नौकाओं से तत्काल मदद का संदेश मिला था। डार्क ने बताया कि 19,000 एकड़ में फैली झील का पानी शांत था लेकिन नौकाओं के ठसाठस भरे होने के कारण ऊंची-ऊंची लहरें उठीं और यह घटना हुई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को घटना के पीछे किसी साजिश के सबूत नहीं मिले हैं। डार्क ने बताया कि तीन नौकाओं को निकाल लिया गया है और अन्य दो अब भी फंसी हैं।

### मस्कट में प्रसिद्ध भारतीय कलाकार ने की आत्महत्या

**दुबई।** ओमान की राजधानी मस्कट में प्रसिद्ध भारतीय कलाकार ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। शाही ओमान पुलिस (आरओपी) ने रविवार को बताया कि ग्राफिक डिजाइनर और साइनबोर्ड कलाकार उन्नी कृष्णन रुवी इलाके के अपने फ्लैट में मृत मिले। टाइम्स ऑफ ओमान ने पुलिस के एक अधिकारी ने हवाले से बताया, रुवी पुलिस को शनिवार शाम चार बजे सूचना मिली कि एक भारतीय प्रवासी ने रुवी के होंडा रोड पर स्थित अपने घर में फांसी लगा ली है। अधिकारी ने बताया, अपराध जांच टीम और पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अस्पताल ले गईं। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। अधिकारी ने बताया, घटना की जानकारी उनके एक दोस्त ने दी थी जो संदिग्ध पाया गया है, क्योंकि वह फोन नहीं उठा रहा है। कृष्णन ओमान में भारतीय सांस्कृतिक समुदाय के जाने-माने सदस्य थे।

### रूस ने कोरोना वैक्सीन का डाटा भारत के साथ किया शेयर, जल्द मिलेगी खुशखबरी

**इंटरनेशनल डेस्क।** भारत में कोरोना वायरस के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। शनिवार को कोरोना संक्रमण के मामलों में ब्राजील को पीछे छोड़ते हुए भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया। बढ़ते मामलों के बीच कोरोना वैक्सीन को लेकर एक राहत भरी खबर यह है कि रूस और भारत के बीच रूस की स्पूतनिक वी वैक्सीन को लेकर बातचीत हो रही है। भारत में रूस के राजदूत निकोलेय कुदाशेव ने बताया कि वैक्सीन को लेकर दोनों देशों की सरकारों के बीच कई स्तरों पर बातचीत हो रही है। इसमें वैक्सीन की आपूर्ति, सह-विकास और सह-उत्पादन जैसे मुद्दे भी शामिल है। जानकारी के अनुसार रूस ने भारत के साथ अपनी कोरोना वायरस वैक्सीन का डाटा साझा कर दिया है। भारत ने इस वैक्सीन को बनाने वाले गामालेया रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडिमियोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी से ये डाटा मांगा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, संस्थान ने वैक्सीन कितनी प्रभावी और सुरक्षित है, इससे संबंधित विस्तृत डाटा भारतीय अधिकारियों को भेज दिया है। भारत में अधिकारी और विशेषज्ञ इसका विश्लेषण करेंगे और देश में इसका तीसरे चरण का ट्रायल भी हो सकता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 11 अगस्त को दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन को लॉच किया था। इस वैक्सीन का नाम स्पूतनिक वी है। लैंसेट जर्नल के अनुसार शुरुआती ट्रायल में इस वैक्सीन का कोई गंभीर साइड इफेक्ट सामने नहीं आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रूस ने भारत के साथ वैक्सीन को लेकर सहयोग के तरीके साझा किए हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# सी.एम.एस. चैक कैम्पस के तीन छात्रों को भारत सरकार द्वारा 12 लाख रूपये की स्कालरशिप

लखनऊ (एजेसी)। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चैक कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों दिव्यांश भदौरिया, मलाइका मुजीब एवं सैयद मोहम्मद अब्बास जैदी को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 12 लाख रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी, जिसमें प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। सी.एम.एस. के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000/– अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी।



श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. चैक कैम्पस इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा–12) परीक्षा–2020 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु विज्ञान की उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। सी.एम.एस. की इन मेधावी छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता एवं शिक्षकों के अलावा सी.एम.एस. के शैक्षिक वातावरण को दिया है।

# यूपी कैडर के आईएएस सुशील मौर्य की कोरोना से मौत

लखनऊ (एजेसी)। राजधानी स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजी पीजी. आई) के कोविड अस्पताल में भर्ती आईएएस अधिकारी एवं विशेष सचिव भाषा सुशील कुमार मौर्य सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनकी तबीयत बिगड़ने पर अगस्त में पीजीआई की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। जहां पर उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कोविड हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया था। आईएएस मौर्य मूलरूप से जौनपुर के निवासी हैं। 1994 बैच के पीसीएस अफसर तथा 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह मैनपुरी, सुल्तानपुर, बलिया, गाजीपुर आदि जिलों में एसडीएम, एडीएम, सीडीओ आदि पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।

इससे पहले वह बस्ती के जिलाधिकारी पद पर तैनात थे। उनकी उम्र 53 साल की थी। कोरोना संक्रमण के लक्षण नजर आने के बाद आईएएस सुशील



कुमार को 27 अगस्त को लखनऊ के एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। यहां पर उन्हें कोविड हॉस्पिटल के आइसोलेशन वॉर्ड में रखा गया। हालत बिगडने़ पर सुशील कुमार को आईसीयू में शिफ्ट किया गया था।

सुशील कुमार मौर्य मूलतः जौनपुर के रहने वाले थे। उनका चयन 1994 में यूपी पीसीएस में हुआ था। 2010 में प्रमोशन के बाद वह पीसीएस से आईएएस हो गए थे। उनकी तैनाती यूपी के मैनपुरी, सुल्तानपुर, बलिया, गाजीपुर समेत कई जिलों में रही हैं।

सुशील कुमार मौर्य के साथ पत्नी और बेटी को भी कोरोना हुआ था।

पत्नी अभी संक्रमित हैं जबकि बेटी की रिपोर्ट कोरोना निगेटिव है।

# सार–समाचार

## जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी एमओआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की वार्ता।

अमेठी,जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर.एम. श्रीवास्तव ने आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से समस्त एमओआईसी से वार्ता किया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एमओआईसी से वार्ता करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में आज सीएमओ द्वारा सभी एमओआईसी से वार्ता कर जोनल कंट्रोल रूम के माध्यम से होम आइसोलेट मरीजों की निगरानी रखने एवं मरीजों को एंबुलेंस उपलब्ध कराने, सर्विलांस टीम द्वारा डोर टू डोर सर्वे, मरीजों को दवाइयां, सहित कोविड को लेकर अन्य बिंदुओं पर समीक्षा किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## आम आदमी पार्टी ने किया महाराजपुर विधानसभा में गठन

कानपुर ।आम आदमी पार्टी के द्वारा महाराजपुर विधानसभा में 33 सदस्यीय विधानसभा कमेटी का गठन किया गया गठन में जिला संयोजक अरविंद कटियार ने महाराजपुर विधानसभा की जिम्मेदारी देते हुए सोनेलाल पासी को विधानसभा अध्यक्ष राजीव कटियार को विधानसभा संरक्षक तथा दीप कुमार जाकिर अली को विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश शर्मा सौरव सचान को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई इस मौके पर संरक्षक राजीव कटियार ने बताया कि आम आदमी पार्टी गरीब किसान मजदूरों आम जनमानस की पार्टी है इसका उदाहरण दिल्ली में बनी सरकार के प्रति आम जनमानस का रुझान बताता है कि वहां बिजली शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी विपरीत स्थितियों को आम आदमी पार्टी ने दूर कर दिया है तथा 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी के महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएगी गठन के मौके पर बलवंत सचान मनीष बाबा बृजेश कुमार वीरेंद्र बाल्मीकि विकास मिश्रा विमल शुक्ला सुधांशु सचान आशीष नेगी हर्षित गुप्ता दीपक अग्रहरि शिवम गुप्ता अनिल सचान मौजूद रहे

## पास्टर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक विशेष बैठक संपन्न हुई

कानपुर पास्टर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक विशेष बैठक शासन के नियमानुसार सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए न्यू इंडिया चर्च आफ गॉड गोविन्द नगर मैं संपन्न हुई ।बैठक की शुरुआत उपाध्यक्ष संजय आल्विन की अध्यक्षता मैं प्रार्थना के साथ सभा की शुरुआत हुई सभी पादरीगणो ने इन दिनों मसीह समाज के विशेष प्रमुख लोक के आकस्मिक निर्धन पर विशेष रुप से यूनाइटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर के महासचिव पादरी अजीत एन एस एवं मदर टेरेसा हाई सेकेंडरी स्कूल के चेयरमैन मिस्टर बलराज आनंद साइलस जीके आकस्मिक निर्धन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और उनके शोकित परिवारजनों एव संबंधियों के लिए प्रार्थना की गई एसोसिएशन के महासचिव जीतेंद्र सिंह ने कहा कि कि पादरी अजीत एन सन और मिस्टर बलराज आनंद के अकस्मिकत निर्धन मसीह समाज की बहुत बड़ी क्षति है सभा में सभी पादरियों को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि 21 सितंबर से प्रशासन के द्वारा सभी चर्चो को खोलने के लिए प्रशासन ने 22 बिंदुओं में दिशानिर्देशों का प्रारूप बना कर दिया है इन्हें सभी नियमो को चर्च पूरा करने का प्रयत्न करेंगे ।ताकि सभी चर्च खोले जा सके बैठक में प्रमुख ,रूप से पादरी जितेन सिंह, पादरी संजय आल्विन ,पादरी हनन्या पानी , पादरी अनिल गिलवर्ट, पादरी पारसनाथ, पादरी सैमुअल कुमार, पादरी सैमुअल जस ,पादरी रवि कुमार, पादरी एबी सिंह ,पादरी मनोज ,पादरी स्वामी चौधरी जगराम सिंह ,पादरी हैरी सिंह , पादरी बृजेश कुमार सहित अन्य चर्चों से आए सभी पादरी गण उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश महाना की बहू का लंबी बीमारी के बाद निधन



कानपुर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश महाना की बहू का लंबी बीमारी के बाद निधन सतीश महाना कि बहु लंबे समय से कैंसर से थी पीड़ित। सतीश महाना के पुत्र करन महाना की पत्नी राधिका महाना की इलाज के दौरान हुआ निधन।

## विचित्र बुखार से अधेड़ की मौत कस्बे में संक्रामक बीमारियों ने फैलाने शुरू किए पैर।

कानपुर(घाटमपुर) साढ़ कस्बे में बढ़ रही रोगियों की संख्या से लोगो मे अब भय व्याप्त होने लगा है।लोग बुखार व उल्टी होने से पीड़ित है।बीते शनिवार से साढ़ निवासी उजियारी लाल कुशवाहा 55 को तेज बुखार आ रहा था।आज सुबह कानपुर ले जाते समय उनकी मौत हो गई।परिजनों ने बताया कि अचानक तेज बुखार आया और दो चार उल्टी हुई जब तक परिजन अस्पताल पहुंचते रास्ते मे ही उनकी मौत हो गयी। ग्रामीण कस्बे के प्राइवेट डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर है।कस्बे की अंजली 9 शिवकुमार 40 भगौती,बुलन्दी, राजनारायण शुक्ला,सुखराम,मिथलेश, आदि बुखार से पीड़ित है।ग्रामीणों ने चोक नालियों से होने वाले जलभराव व फैली गंदगी के विषय मे कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया लेकिन कोई ध्यान न देने से बीमारियों ने पनपना शुरू कर दिया है।

## व्यापार मंडल कानपुर नगर ईकाई ने किया कोरोना वारियर डॉ हेमंत मोहन का सम्मान

कानपुर व्यापार मंडल कानपुर नगर ईकाई द्वारा आयोजित संगोष्ठी में डॉ हेमंत मोहन का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अभिमन्यु गुप्ता एवं कानपुर के नगर अध्यक्ष श्री जितेंद्र जयसवाल ने डॉ हेमंत मोहन का सम्मान किया। श्री जैसवाल ने आरोग्य धाम के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इस कोरोना काल मे डॉ हेमंत ने कोरोना की होमियोपैथी इम्युनिटी बूस्टर की जो दवाये गरीबो को उपलब्ध कराई हैं उसके लिए समाज उनका ऋणी है। डॉ हेमंत ने कहा कि कानपुर के खोया गौरव वापस पाने के लिए सरकार का इस औद्योगिक नगर के व्यापारियों से लगातार सकारात्मक संवाद होना जरूरी है।

# यूपी में जमीन विवाद में पूर्व विधायक की पीट- पीट कर हत्या

लखीमपुर खीरी (एजेसी)। उत्तरप्रदेश के लखीमपुर जिले में भूमि विवाद के चलते पूर्व विधायक निर्वेंद्र कुमार मिश्र की कथित रूप से पीट– पीट कर हत्या कर दी गई। साथ ही उनके बेटे को भी पीटकर अधमरा कर दिया।

पूर्व विधायक के घरवालों ने पुलिस पर हमलावरों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। लखीमपुर पुलिस का कहना है कि जमीनी विवाद में कहासुनी के दौरान पहुंचे पूर्व विधायक अचानक गिर पड़े। इस पर जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

यह घटना लखीमपुर खीरी के तहसील पलिया के त्रिकोलिया पढुआ की है।

यहां निघासन विधान सभा सीट से दो बार निर्दलीय और एक बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक रहे निर्वेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना की रविवार को दबंगों ने पीट–पीटकर हत्या कर दी। दबंगों की पिटाई से उनके बेटे की भी गहरी चोटें आई हैं। पूर्व विधायक के घरवालों ने स्थानीय पुलिस पर हमलावरों को सह देने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि पुलिस हमलावरों को बचाकर यहां से अपने साथ ले गई।

# यूपी में कोरोना ने ली 56 और लोगों की जान, 5649 नए मरीज

लखनऊ (एजेसी)।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड–19 संक्रमित 56 और लोगों की मौत हो गई तथा 5649 नए लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद में सोमवार को बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान 56 और मरीजों की मौत हो गई।

इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3976 हो गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान 5649 नए मरीजों में कोविड–19 संक्रमण की पुष्टि हुई है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 205731 मरीज कोविड–19 संक्रमण से पूरी तरह उबर कर ठीक हो चुके है

और 62144 मरीजों का राज्य के विभिन्न कोविड अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है।

क्रांति समय फाउंडेशन (NGO)

# स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजे अश्लील फोटो और वीडियो, मुकदमा दर्ज

बागपत (एजेसी)। जिले के बड़ौत शहर के एक पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं को फर्जी ग्रुप बनाकर उसमें अश्लील फोटो और वीडियो भेजने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। बागपत पुलिस के अनुसार ग्रुप बनाने वाला आरोपित स्कूल से जुड़ा है या कोई बाहरी व्यक्ति, इसका पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपित को सामने लाया जाएगा।

शहर के एक निजी इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने थाना बड़ौत कोतवाली पुलिस में दी गई तहरीर में बताया कि स्कूल के कक्षा 10 के कुछ छात्र–छात्राओं के अभिभावकों की ओर से उनके पास शिकायत पहुंची थी कि 28 अगस्त–2020 की ऑनलाइन क्लास के नाम पर व्हाट्सएप पर एक ग्रुप 'बायोलॉजी ग्रुप क्लास 10' के नाम से बनाया गया था। ग्रुप की डीपी पर स्कूल की ही एक अध्यापक की फोटो लगा दिया। ग्रुप एडमिन ने ग्रुप पर काफी छात्र–छात्राओं के फोटो मंगा लिए। ग्रुप एडमिन ने ग्रुप में जुड़े कुछ छात्र–छात्राओं के मोबाइल पर अश्लील और वीडियो फोटो भेज दिए।

यह देखकर छात्र–छात्राएं सहम गए और अभिभावकों को जानकारी दी। शक होने पर स्कूल की ओर से जांच की गई तो ग्रुप फर्जी पाया गया।

मामला दर्ज होने के बाद अब पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

# शिक्षक के हत्यारे को भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला

कुशीनगर (एजेसी)। जिले के तरयासुजान थाने के रामपुर बंगरा गांव में सोमवार को सुबह एक षिक्षक की हत्या करने वाले हत्यारे को आक्रोषित ग्रामीणों ने पुलिस के सामने कथित रूप से पीट–पीट कर मार डाला।

कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि सुधीर कुमार सिंह नामक व्यक्ति के घर सुबह आठ बजे एक व्यक्ति आया और उसके भाई को बताया कि वह सुधीर का दोस्त है। उस समय सुधीर सिंह नहा रहा था, इस अंजान व्यक्ति ने घर में इंतजार किया और चाय पी।



इसके बाद जैसे ही सिंह बाहर आये इस व्यक्ति ने उन्हें गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि महिलाओं द्वारा शोर मचाने पर गांव वाले एकत्र हो गये। जिसके बाद हत्यारा घर की छत पर चढ़ गया और गोलियां चलाने लगा। इसबीच पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गयी लेकिन वह गोलियां चलाता रहा। इसके बाद पुलिस ने भी एक दूसरे मकान की छत से जवाब में गोलियां चलानी शुरू की तब वह नीचे आया और एक कमरे में छिपने का प्रयास करने लगा। तब तक और गांव वाले एकत्र हो गये और दरवाजा तोड़कर कमरे में घुस गये और उसकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने नीचे आकर उस व्यक्ति को पकड़ा तब तक वह मर चुका था। पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। हत्यारोपी के भाई ने पुलिस को बताया कि उसका नाम आर्यमान यादव है और वह गोरखपुर के नन्दा नगर दरगाही का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि सुधीर सिंह बिहार में अध्यापक था। हत्या के कारणों का अभी तक पता नही चल सका है। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल बरामद कर ली गयी है।

# घर में घुसे युवक की गोली लगने से मौत

प्रतापगढ़ (एजेसी)। जिले के थाना हथिगंवा अंतर्गत कुढ़ा गांव में रविवार रातघर में घुसे युवक की गोली लगने से मौत हो गयी।

पुलिस ने घर के स्वामी को हिरासत में लेकर उसकी बंदूक कब्जे में लिया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि कुढ़ा गांव में बीती रात कृष्ण कुमार पाण्डेय के घर में एक अज्ञात व्यक्ति घुस गया था,

जिन्होंने बदमाश समझकर अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दिया।

गोली लगने से उक्त युवक की मौके पर मौत हो गयी।

मृतक की पहचान विवेक उपाध्याय 25 निवासी जमलामऊ थाना बाघराय के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया की मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। पुलिस ने कृष्ण कुमार को हिरासत में लेकर उसकी बन्दूक कब्जे में लिया। घटना की जांच जारी है।

# संपत्ति विवाद में पुत्र ने की वृद्ध पिता की हत्या

गोंडा (एजेसी)। जिले में घर की जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार में हुए आपसी विवाद के दौरान ही पुत्र ने आवेश में आकर पिता पर किसी चीज से हमला कर कर दिया जिससे वह मौके का पर घायल हो गए। परिवार के लोग इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले गए जहां उनकी मौत हो गई।

परिवार के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के मुताबिक कोतवाली इटियाथोक के मनोरमा गांव के पास रायपुर के रहने वाले मोहर मणि के साथ परिवार में पारिवारिक और जमीन बंटवारे का विवाद काफी दिनों से चला आ रहा है। कई बार गांव के लोगों ने पंचायत के जरिए परिवारिक मसले को खत्म करने का प्रयास भी किया। रविवार की शाम फिर से पारिवारिक विवाद शुरू हुआ जिसमें खूब कहासुनी हुई आवेश में आकर उनके पुत्र बृजेश पांडे ने पिता मोहर मणि (70) पर किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे वह मौके पर घायल हो गए। घटना देख गांव वालों ने इसकी सूचना कोतवाली इटियाथोक को दी। मौके पर पुलिस फोर्स के साथ डायल 100 की टीम भी पहुंची। घायल मोहर मणि को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस फोर्स लगा दी गई है। उधर, आरोपी बृजेश पांडे फरार बताया जा रहा है।

# युवक की गोली मारकर हत्या

बलिया (एजेसी)। जिले के हल्दी थाना क्षेत्र के जवहीं गांव में सोमवार दोपहर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जानकारी के मुताबिक शिवजी यादव उर्फ सिपाही यादव (45) आज दोपहर अपनी पत्नी के साथ दवा कराने जा रहे थे ।

कि दरोगा यादव नामक व्यक्ति ने अपने घर के समीप उनको गोली मार दिया।

उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना के बाद दरोगा यादव फरार हो गया।

शिवजी बिहार में वेल्डर का काम करता था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पीआरवी 2588 चुनी गयी "COP Of The Week"

# जहर खाने के बाद बचाई एक महिला की जान तो फांसी लगाने के बाद बचाई एक पुरुष की जान

ललितपुर(एजेसी) जनपद की पुलिस विभाग में हर सप्ताह"COP OF The Week" का चयन उसकी क्रयाशीलता के आधार पर किया जाता है। और उसी पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहनीय कार्य के रूप में प्रस्तुत भी किया जाता है जिससे कर्मचारियों में कार्य के प्रति सम्बेदना बनी रहे। इस सप्ताह डायल 112 की पीआरवी 2588 में तैनात हेड कांस्टेबल सुशील पांडे आरक्षी ध्रुव सिंह आरक्षी चालक दुर्गेश कुमार महिला आरक्षी




निधी गुप्ता को "COP Of The Week" सर्व सम्मति से चुना गया। जिसकी पुलिस अधीक्षक ने भी सराहना की पीआरबी 2588 ने कई ऐसे जन हितेषी उत्कृष्ट कार्य किए जिससे पुलिस विभाग का नाम ऊंचा हुआ और उसकी साख आम जनता में बनी रही। गौरतलब है कि माह सितम्बर के प्रथम सप्ताह में पीआरवी 2588 को सूचना मिली एक महिला द्वारा जहर खा लिया गया था । इसकी तत्काल सूचना पर पहुंचकर महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उसकी जान बचाई व एक युवक द्वारा फांसी लगाने का प्रयास किया जा रहा था ।

तत्काल पहुंचकर दरवाजा तोड़कर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जान बचाई व पूरी कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत से कार्य किया गया। पुलिस द्वारा की गई इन कार्यो की सर्वत्र सराहना भी हुई थी।

# सौतेली मां निकली समलैंगिक, उत्तेजना की दवाई देकर बेटियों से बनाती थी संबंध बेटी की शिकायत पर सौतेली मां के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज, महिला को जेल भेजा

अलीगढ़(एजेसी)। यूपी के अलीगढ़ में सासनी गेट थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय बीएससी छात्रा ने अपनी सौतेली मां के खिलाफ छेड़खानी करने में मुकदमा दर्ज कराया है। जांच के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला की ये चौथी शादी है।

मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित छात्रा द्वारा दर्ज कराए मुकदमे के अनुसार उसकी दो नाबालिग बहनें और एक भाई हैं। उसके पिता एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। 13 फरवरी 2019 को मां के देहांत के बाद 14 फरवरी 2020 को परिवार की सहमति से पिता तथा आरोपी महिला की मंदिर में शादी करा दी गई। वह महिला खुद को नर्स बताती है। उसने परिवार के सभी लोगों को रात के खाने के बाद दवा की गोलियां यह कहकर खिलाना शुरू कर दिया कि यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। इस गोली को खाकर पिता, दादा–दादी गहरी नींद में सो जाते थे, जबकि उसे व उसकी बहनों को गोलियां



खाने के बाद उत्तेजना होती थी। इसके बाद वह महिला तीनों बहनों के साथ अश्लील हरकतें कर शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करने लगी। वह अश्लील फिल्में और फोटो भी दिखाती थी। मामले पर हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव पूजा शकुन पांडे ने बताया कि आरोपी महिला सेक्सुअल और मेंटल उत्पीड़न करती थी।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# राज्य में पांच अलग अलग दुर्घटनाओं में 5 लोगों की मौत

राज्य के विभिन्न जिलों में पांच अलग अलग दुर्घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। अरवल्ली में हुई दुर्घटना में एक महिला, साबरकांठा में प्राथमिक शिक्षक और भरुच की दो अलग अलग दुर्घटना में 2 शख्सों की मौत हो गई। इसके अलावा जूनागढ़ में राहगिरों को अपनी चपेट में लेनेवाले कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लियां। जानकारी के मुताबिक अरवल्ली जिले के बायड में हिट एन्ड रन की घटना में एक महिला मौत हो गई।

सुबह दूध ले जा रही इस महिला को डम्पर ने उड़ा दिया। महिला को टक्कर मारकर डम्पर चालक घटनास्थल से फरार हो गयाद्य इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने बायड–मोडासा रोड पर चक्काजाम कर हाईवे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की।

साबरकांठा के प्रांतिज में दो कारों के बीच हुई भिडंत में प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रमुख दिलीप पटेल की मौत हो गई। प्रांतिज के करोल गांव की प्राथमिक स्कूल में बतौर शिक्षक सेवारत दिलीप पटेल कार में जा रहे थे। उस वक्त तलोद के रोजड के निकट दो कारों के बीच टक्कर हो गई। जिसमें दिलीप पटेल गंभीर रूप से घायल हो गएद्य हिम्मतनगर के सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान दिलीप पटेल ने दम तोड़ दिया।

उनके अलावा इस दुर्घटना में एक अन्य युवक की भी मौत हुई है। भरुच में नेशनल हाईवे पर हुई दो दुर्घटनाओं में 2 लोगोंकी मौत हो गई। भरुच के वडदला के निकट अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को अपनी चपेट में लिया। इस हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि भरुच के वरेडिया के निकट ट्रक के पीछे आइशर ट्रक टकरा गया। इस हादसे में आइशर चालक की मौत हो गई। वहीं जूनागढ़ शहर में वेगन कार ने सड़क पर जा रहे कई लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें कई लोग घायल हो गए।

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर गवर्नर्स कांफ्रेंस में दिया मार्गदर्शन

## गुजरात राज्य नयी शिक्षा नीति के श्रेष्ठ अमल के लिए प्रतिबद्ध : राज्यपाल

अहमदाबाद (एजेसी)

राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित गवर्नर्स कांफ्रेंस में नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अमल और उच्च शिक्षा में परिवर्तन के सन्द. र्भ में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका' विषय पर मार्गदर्शन दिया।

इस गवर्नर्स कांफ्रेंस में देशभर के राज्यों के राज्यपालों ने शामिल होकर अपने मंतव्य प्रस्तुत किए। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस अवसर पर कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में देश के युवाओं के सर्वांगीण विकास का चिंतन है।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के तमाम क्षेत्रों में बहुआयामी चिंतन द्व ारा ज्ञान सम्पन्न भारत के निर्माण का पुरुषार्थ नयी शिक्षा नीति में किया गया है।

मातृभाषा में शिक्षा, पूर्व प्राथमिक शिक्षा स्तर से ही बाल. कों के सर्वांगीण विकास, विविधलक्ष्यी अध्ययन, मूल्यांकन के लिए गुणवत्ता और शिक्षक सज्जता जैसे अनेक सुधारों के कारण देश के युवा सांस्कृतिक मूल्यों के जतन के साथ ज्ञान– कौशल्य सम्पन्न बनेंगे और युवाओं को 'वैश्विक नागरिक' बनाने का संकल्प साकार होगा।

इस गवर्नर्स कांफ्रेंस में राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि नयी शिक्षा नीति कोई नीतिगत दस्तावेज नहीं है बल्कि नागरिकों– युवाओं की आकांक्षा पूर्ण करने का और भारत को शिक्षा क्षेत्र में 'वैश्विक केन्द्र' बनाने का भगीरथी प्रयास है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन मूल्य आधारित आधुनिक शिक्षा पद्धति द्वारा ज्ञान सम्पन्न समाज के निर्माण का लक्ष्य नयी शिक्षा नीति में प्रतिबिम्बित हो रहा है।

उन्होंने नयी शिक्षा नीति के अमलीकरण में राज्यों तथा राज्यपाल की भूमिका को महत्वपूर्ण बतलाया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी शिक्षा नीति 2020 को प्रासंगिक करार देते हुए कहा कि नयी शिक्षा नीति के निर्माण के समय दो लाख से ज्यादा लोगों के मंतव्य को ध्यान में लिया गया है। इसी प्रकार नीति के अमलीकरण के लिए भी लगातार विचार– विमर्श हो, यह आवश्यक है।

शिक्षा नीति सरकार की ही नहीं वरन समग्र भारत की नीति है।

मोदी ने नयी शिक्षा नीति को 21 वीं सदी के भारत के सामाजिक– आर्थिक जीवन को नयी दिशा देने वाली और आत्मनिर्भर भारत के सामर्थ्य को साकार करने वाली बतलाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी शिक्षा नीति युवाओं को उनकी अपेक्षा के अनुसार ज्ञान–कौशल्य से लैस करने के लिए स्टडी के बजाए लर्निंग पर तथा क्रिटिकल थिंकिंग पर बल देती है।

इसके साथ ही, प्रेक्टिकल और परफॉर्मेंस पर भी ध्यान देती है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने नयी शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

कांफ्रेंस में शामिल विभिन्न राज्यों के राज्यपालों और शिक्षा मंत्रियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कांफ्रेंस के विशेष सत्र के दौरान नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा बनाने वाली समिति के अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने इस शिक्षा नीति का महत्व स्पष्ट किया। देशभर की महत्वपूर्ण युनिवर्सिटियों के कुलपतियों ने भी अपने विचार पेश किए।

इसके अंतर्गत गुजरात की महाराजा सयाजीराव युनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. परिमल व्यास ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए नयी शिक्षा नीति को आत्मनिर्भर भारत का ब्ल्युप्रिंट बतलाया।

टेक्नीकल सत्र में युनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन के चेयरमेन प्रो. डीपी सिंह, अमेरिका की प्रिस्टन युनिवर्सिटी के प्रोफेसर और ड्राफ्ट कमेटी के सदस्य प्रो. मंजुल भार्गव तथा युजीसी के सदस्य एनके. श्रीधर ने उच्च शिक्षा में परिवर्तन के सन्दर्भ में नयी शिक्षा नीति 2020 की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कांफ्रेंस के अंत में केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संघ के वरिष्ठ नेता पर हमले का प्रयास, दो हमलावर गिरफ्तार

जामनगर जिले के कालावड में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता

भानुभाई पुरुषोत्तमभाई पटेल (भानु दादा) पर हमले के प्रयास से सनसनी फैल गईं।

घटना के बाद तुरंत हरकत में आई पुलिस ने चंद घंटों में दो हमलावरों को गिरफ्तार कर शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी हैं। जानकारी के मुताबिक जामनगर के कालावड में डॉ. गोहिल साहब के अस्पताल के निकट स्थित

हनुमानजी मंदिर के मैदान में भानुभाई पटेल, हिरेश आशरा, मिहिर शुक्ला और तरूण चौहाण गुजरात रहे थें।

उस वक्त मैदान में हनुमानजी के मंदिर के निकट आसिफ बानवा और शिराज संधी नामक दो शख्स सिगरेट पी रहे थें।

जिसे देख भानुभाई पटेल ने धार्मिक स्थल के निकट सिगरेट नहीं पीने की आसिफ और शिराज को हिदायत दी थीं।

हांलाकि भानुभाई पटेल के कहने पर आसिफ से वहां से चला गया, लेकिन शिराज ने उनके साथ अभद्र व्यवहार कियां।

भानुभाई पटेल ने जब उसे समझाने का प्रयास किया तो उसने भानुभाई को धक्का मारकर गिरा दिया और उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गयां।

घटना को लेकर जामनगर से गांधीनगर तक पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया।

घटना के बाद कालावड में संघ और भाजपा के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता जमा हो गए और भानुभाई पटेल को अस्पताल पहुंचायां।

हांलाकि अब भानुभाई पटेल अपने निवास पर हैं।

घटना के बाद पुलिस ने चंद घंटों आसिफ और शिराज को गिरफ्तार कर लिया और कालावड में सुरक्षा बढ़ा दीं। मुस्लिम शख्सों द्वारा संघ नेता पर हमले किए जाने की घटना को लेकर कालावड में तनाव हैं।

खबर लगते ही जामनगर की भाजपा सांसद पूनम माडम भी भानुभाई पटेल से मिलने उनके निवास पहुंची।

बता दें कि भानुभाई पटेल संघ के वरिष्ठ नेता हैं

और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी समयांतर उनसे बातचीत करते रहते हैं।

भानुभाई पटेल ने अपना पूरा जीवन संघ को समर्पित किया हैं।

# राज्य के 206 डैमों में 87.24 प्रतिशत पानी का संग्रह

अहमदाबाद राज्य में इस साल खासकर अगस्त में हुई भारी बारिश से ऑवरफ्लो होनेवाले बांध की संख्या 121 पर पहुंच गई हैं। जबकि 167 डैम हाईअलर्ट पर हैं और 10 डैमों पर वॉर्निंग दी गई हैं।

गुजरातभर में अच्छी बारिश होने से राज्य 206 डैमों में 87.24 प्रतिशत पानी का संग्रह हुआ हैं। सबसे अधिक सौराष्ट्र के 140 डैमों में 95.13 प्रतिशत जलराशि संग्रह हुई हैं।

सौराष्ट्र के 86 डैम 100 प्रतिशत पानी से लबालब हैं।

वहीं मध्य गुजरात के 17 डैमों में 94.16 प्रतिशत पानी का संग्रह हुआ हैं।

गुजरात की जीवनदायिनी सरदार सरोवर नर्मदा बांध में अब तक 89.98 प्रतिशत जलराशि संग्रह हुई हैं।

बता दें कि चार दिनों के विराम के बाद गुजरात में बारिश की रि एन्ट्री हुई हैं।

रविवार को सौराष्ट्र और उत्तरी गुजरात में गरज के साथ बारिश हुईं।

उत्तरी गुजरात के मेहसाणा और अरवल्ली जिले में बिजली गिरने की दो अलग अलग घटनाओं में चार लोगों की जान चली गईं।

इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में उत्तरी गुजरात में बारिश की संभावना जताई हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दो दिन बाद दक्षिण गुजरात में हलके से मध्यम बारिश हो सकती हैं।

दक्षिण गुजरात के वललाड, नवसारी, भरुच, दादरा नगर हवेली में मध्यम बारिश हो सकती हैं।

## परिवार और प्रशंसकों में शोक

# कोरोना संक्रमित गुजराती गायक की लंदन में मौत

अहमदाबाद (एजेसी) विख्यात गुजराती गायक विजय गढ़वी की कोरोना से लंदन में मौत हो गईं। विजय गढ़वी की मौत से उनके परिवार समेत प्रशंसकों में शोक व्याप्त हैं।

जानकारी के मुताबिक खेडा जिले के मेहमदाबाद के मूल निवासी विजय गढ़वी लंदन में



स्थायी हुए थें।

कुछ दिन पहले कोरोना संक्रमण के लक्षण के बाद टेस्ट कराया थां।

कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद विजय को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जहां स्वस्थ होने के बाद दो दिन पहले ही अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया थां।

लेकिन कल दोबारा तबियत बिगड़ने पर विजय को वापस अस्पताल में दाखिल किया गया। जहां उपचार के दौरान विजय ने दम तोड़ दियां।

विजय गढ़वी लंदन में विख्यात भारतीय कलाकार थें। विजय की मौत से उनके परिवार समेत प्रशसंकों में शोक व्याप्त हैं।

# सुरत मनपा की लापरवाही ने लिया दो मजदूरों की जान

सूरत,शहर के नानपुरा इलाके में ड्रेनेज की गटर में काम करते समय दो मजदूर ड्रेनेज की गटर





नानपुरा में ड्रेनेज की गटर में काम करते समय मजदूरों को जरुरी सेफ्टी दिए बिना ही काम करवाया जा रहा था.

में अंदर ही बेहोश हो गए.उन्हें फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल में ले जाया गया.जहा डॉकटरो ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।. बताया जा रहा है कि दोनों मजदूरों को जरूरी सेफ्टी दिया बिना ही काम करवाया जा रहा था.

मिली जानकारी के अनुसार जहांगीरपुरा क्षेत्र निवासी मजदूर मोमसींग रत्ना आमलियार (52 वर्ष ) और जतिन जीतेन्द्र आमलियार (25 वर्ष ) मूलरूप से दाहोद के निवासी थे और यहां मजदूरी करके परिवार का गुजारा करते थे.सोमवार दोपहर को दोनों नानपुरा झींगा सर्किल के पास स्थित मनपा की ड्रेनेज लाइन में उतरकर सफाई कर रहे थे और वाल्व खोल रहे थे उस दौरान जहरीली गैस की वजह से दोनों का अंदर ही दम घुट गया और बेहोश गए,साथी मजदूर मौके पर आक्रन्द करने लगे,

घटना की वजह से भीड़ इकठा हो गया.पुलिस तथा फायर ब्रिगेड कर्मीयो का काफिला मौके पर पंहुचा।

फायर कर्मी पूरी सेफ्टी के साथ ओक्जिन सिलिंडर के लेकर ड्रेनेज लाइन में उतरे और दोनों को बेहोशी हालत में बाहर निक. ालकर मोमसिंग को न्यू सिविल अस्पताल में तथा जतिन को स्मीमेर अस्पताल में ले जाया गया.लेकिन दोनों को डॉकटरो ने मृत घोषित कर दिया।घटना को लेकर उनके परिवार में गहरा शोक व्याप्त हो गया.दूसरी तरह यह जानकारी सामने आई है कि दोनों मजदूर ठेके पर काम पर आये थे.उन्हें बिना कोई जरूरी सेफ्टी के साधन दिए ही ड्रेनेज में उतार दिया।.पुलिस मामले की अग्रिम जाँच कर रही है.

# एक ही परिवार के तीन सगे भाइयों को लील गया कोरोना

जामनगर शहर एक व्यापारी परिवार के 11 सदस्यों को कोरोना हो गया था।

जिसमें 7 लोग कोरोना को मात देकर अस्पताल से घर लौट आए। जबकि तीन सगे भाइयों की जामनगर के जीजी अस्पताल में कोरोना से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक जामनगर के ग्रेइन मार्केट के अग्रणी व्यापारी प्रवीण चोटाई समेत उनके तीन भाई विनु चोटाई, मनु चोटाई, हरिश चोटाई समेत परिवार 11 सदस्यों के कोरोना संक्रमित होने के बाद उन्हें जामनगर के जीजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया था।

जिसमें प्रवीण चोटाई समेत परिवार के सात सदस्य कोरोना को मात देकर ठीक हो गए और अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद फिलहाल होम कोरन्टाइन हैं।

जबकि प्रवीण चोटाई के तीन भाई विनु चोटाई, मनु चोटाई और हरीश चोटाई कोरोना के खिलाफ जंग हार गए।

सबसे पहले विनु चोटाई की कोरोना से जान चली गई। जिसके बाद पांच दिन बाद मनु चोटाई और बीते दिन तीसरे भाई हरिश चोटाई ने भी उपचार के दौरान जीजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

जामनगर में रविवार को 106 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए थे और 5 मरीजों की मौत हो गई थी।

राज्यभर में कोरोना का आंकड़ा 104341 पर पहुंच गया और अब तक यह रोग 3108 मरीजों को निगल गया है।

राज्य में सबसे अधिक 33433 केस अहमदाबाद में दर्ज हुए हैं और 1734 मरीजों की कोरोना से मौत हो चुकी है।

दूसरे नंबर पर सूरत में कोरोना का आंकड़ा 22244 पर पहुंच गया है और 656 मरीज जान गंवा चुके हैं।

# कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सिविल अस्पताल का आसपास का इलाका रेड जोन घोषित

राजकोट गुजरात पर कोरोना शिकंजा कसता जा रहा है। राज्य में सितंबर के प्रारंभ से लगातार 1300 से अधिक नए केस सामने आ रहे हैं और कोरोना का आंकड़ा 100000 को पार कर गया है। अहमदाबाद के बाद सूरत और राजकोट में कोरोना का कहर बढ़ रहा है। जिसे देखते हुए राजकोट सिविल अस्पताल के आसपास के इलाके को रेड जोन घोषित कर दिया गया है। साथ ही सामान्य नागरिकों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाते हुए कोविड अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

मरीज के परिजनों को दिन में केवल दो दफा हेल्प डेस्क जाने की छूट होगी।

मरीजों के उन परिजनों को प्रवेश मिलेगा, जिनके पास होगा।



कोविड अस्पताल के आसपास मीडिया के प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई हैं।

दूसरी ओर राजकोट के सभी 152 जितने पार्क इत्यादि फिलहाल लोगों के लिए नहीं खोलने का फैसला किया गया है।

5 सितंबर से राज्यभर के पार्क इत्यादि लोगों के लिए खोल दिए गए हैं।

लेकिन राजकोट में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए शहर के सभी छोड़े बड़े सभी गार्डन फिलहाल बंद रखने का फैसला किया गया है।

# 24 घंटों में राज्य की 40 तहसीलों में बारिश, गिर गढ़डा में 2 ईंच

अहमदाबाद चार दिनों के विराम के बाद गुजरात में फिर एक बार बारिश ने दस्तक दी हैं ।

रविवार की उत्तरी गुजरात में भारी बारिश के बीच बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गईं।

24 घंटों में राज्य की 40 तहसीलों में बारिश हुई हैं।

जिसमें सबसे अधिक सौराष्ट्र



के गिर गढ़डा में 2 ईंच बारिश रिकार्ड हुईं।

जबकि उत्तरी गुजरात के पाटन, साबरकांठा, मेहसाणा और अरवल्ली के भिलोडा में 1 एक ईंच से भी अधिक बारिश दर्ज हुईं ।

हांलाकि आज सुबह से राज्य की किसी तहसील में बारिश की खबर नहीं हैं।

मेहसाणा के ऊंझा और खेरालु में 1.5 ईंच, पाटन के सिद्ध पुर, साबरकांठा के ईडर, अरवल्ली के भिलोड़ा और मेहसाणा शहर में 1 ईंच से अधिक बारिश हुईं।

चार दिनों के विराम के बाद गुजरात में खासकर सौराष्ट्र और उत्तरी गुजरात में बरसाती मा. हौल हैं।

रविवार को उत्तरी गुजरात के साबरकांठा, बनासकांठा, अंबाजी, मेहसाणा और अरवल्ली में बारिश हुईं।

उत्तरी गुजरात में बिजली गिरने की अलग अलग दो घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई थी।

# जर्जरित मकान की दीवार ढहने से 11 दबे, 2 बचों समेत तीन की मौत

बनासकांठा जिले के सेजलपुर गांव में एक जर्जरित मकान की दीवार ढहने से उसके मलबे के नीचे 11 लोग दब गए। जिसमें 2 बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गईद्य पांच घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक बनासकांठा जिले की पालनपुर तहसील के सेजलपुर गांव में एक जर्जरित मकान की दीवार अचानक भरभराकर ढह गई।

जिसके मलबे के नीचे 11 लोग दब गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पालनपुर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड की टीम, तहसीलदार समेत पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। इस घटना में दो बच्चे और महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 5 घायलों को पालनपुर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया

# एसओजी ने 5 लाख के ड्रग्स के साथ दो शख्सों गिरफ्तार किया

सूरत एसओजी ने शहर के पूणा क्षेत्र से दो शख्सों को 5 लाख कीमत के 100 ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर लियां।

सूरत एसओजी को सूचना मिली थी कि शहर के पूणा क्षेत्र में दो शख्सों के पास ड्रग्स हैं।

सूचना के आधार पर सूरत एसओजी ने पूणा क्षेत्र से दो शख्सों को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर लियां।दो शख्सों से बरामद ड्रग्स की कीमत पांच लाख रुपए बताई गई हैं। पकड़े गए दोनों शख्स 2019 में भी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत
गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)